MR. SPEAKER: I will go by what the House feels. If the House is ready to split it, I am ready to do it.

(*Interruptions*)

**श्री मनीराम बागड़ी** : (हिसार) : उसका जवाब लिख कर आ गया। अब कैसे उसको आप अलग कर सकते हैं ?

**अध्यक्ष महोदय** : हाउस अगर चाहे तो हाउस सुप्रीम है इसलिए मैंने कहा है। अगर हाउस की इच्छा नहीं होगी तो नहीं कर सकते। वैसे जो मेरा काम था वह तो मैंने कर दिया।

**श्री रामावतार शास्त्री** : (पटना) : दोनों की इम्पोर्टेंस है।

SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER (Durgapur): You take up the calling attention regarding intrusion into the house of a Member of Parliament now and bank robbery at 2.30 p.m.

(*Interruptions*)

DR. VASANT KUMAR PANDIT (Rajgarh): How have you selected the names for calling attention? Some MPs have given notice for bank robbery while some other MPs have given notice for intrusion into the house of a Member of Parliament.

(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Calling attention.

---

**12.09 hrs.**

## CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

**Law and order situation in Delhi with particular reference to robbery in a Bank in Geetanjali Enclave and intrusion into an M.P.'s residence.**

PROF. K. K. TEWARI (Buxar): I call the attention of the Minister of Home Affairs to the following matter of urgent public importance and request that he may make a statement thereon:—

"Law and order situation in Delhi with particular reference to the reported robbery of over Rupees two lakhs from a Bank in Geetanjali Enclave, New Delhi, and intrusion into the South Avenue residence of a Member of parliament by two armed men and holding of some persons as hostages and matters connected therewith."

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS AND DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI P. VENKATASUBBAIAH): Mr. Speaker Sir: It was not long ago that this august House has had an opportunity to discuss the law and order situation in the country, including the situation in Delhi through the Demands for Grants of this Ministry. However, it is but natural for all of us to feel concerned about attacks on and looting of public offices particulary banks and post offices. A somewhat peculiar phenomenon for the life of Delhi is the recent incident in which armed intruders entered an M.P.'s flat for allegedly espousing the cause of mining labour. This aspect of the law and order situation is engaging the serious attention of the police and of the Government. But the declining rate of general crimes certainly does not go to show any deterioration in the law and order situation as such. While the Delhi Administration will spare no efforts in providing all possible security measures and policing at public places to the maximum extent possible, the internal security arrangements at public offices need to be strengthened and we have already taken steps in this direction.

In the bank robbery case at Geetanjali Enclave on 12th April 1982 two unknown persons entered the Branch of the Punjab National Bank and took away cash amounting to Rs. 2,27,462 after threatening the employees with pistols. There are only 9 employees

[Shri P. Venkatashbbiah]

working in this Branch out of whom, at the time of the occurrence, 3 were on leave and 2 had gone for lunch. The culprits took the 4 employees inside the bathroom and bolted it from outside before escaping. Immediately on receipt of information, Police arrived on the scene. Investigation is in progress.

As regards the incident of intrusion into the house of Shri Dalbir Singh, Member of Lok Sabha, a statement has already been made by the Home Minister in this House yesterday. In a commendably smooth and efficient operation, Delhi Police were able to overpower and apprehend the intruders and release the hostages without any blood-shed. As emphasised by the Home Minister the Government will spare no efforts in effectively dealing with persons who indulge in acts of violence.

**चौधरी मुलतान सिंह :** (जलेसर) : मिनिस्टरों के घरों में भी लोग घुस रहे हैं ।....

**(व्यवधान)**

**अध्यक्ष महोदय :** क्या कर रहे हैं आप ? आपको पता है रूल्स क्या हैं ? किसके लिए बनाये हैं ? आप के लिए बनाये हैं या किसी और के लिए ?

**12.10 hrs.**

MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*

PROF. K. K. TEWARI: It is a fact that law and order and bank robbery had been discussed very frequently in the House. It is sad that bank robberies and dacoities have not been stopped completely. But there are certain other important issues which you must take into account. So far as bank robberies are concerned, they have been taking place in different parts of the country including Delhi and Government has taken steps to stop them and to bring to book the culprits involved in such cases.

I agree with an hon. Member of the House that what is more important and what concerns us primarily today is the question of the security of the Members of the House and people in public life.

It is sad that this incident took place in South Avenue and our friend Mr. Dalbir Singh was sought to be murdered by a self-proclaimed supporter, votery of a new political and philosophical order. It all starts—before I go into the details, I would like to make it abundantly clear that I have no intention to import any political polemics into the issue. I will be as objective as I can afford to be. I will stick to the facts as they are and.... (*Interruptions*).

AN HON. MEMBER: He says, 'as he can afford to be'!

MR. DEPUTY-SPEAKER: No running commentary please.

(*Interruptions*)

I will narrate the episode. (*Interruptions*). I think the Members will apply their minds to it and will listen to it with the seriousness which it deserves. (Interruptions. The whole problem starts with the letter to Mr. Dalbir Singh. The letter is written by the President of a political Party of District Shahdol. This letter, from the so-called propagandists of a political order.... (*Interruptions*).

AN HON. MEMBER: Which political Party?

MR. DEPUTY-SPEAKER: This is Calling Attention. In Calling Attention he can only speak. Please, Please. (*Interruptions*).

AN HON. MEMBER: The letter has been given to him?

MR. DEPUTY-SPEAKER: You cannot intervene.

AN HON. MEMEBER: Let him place it on the Table.

PROF. K. K. TEWARI: The letter bears the. (*Interruptions*).

MR. DEPUTY-SPEAKER: He is only quoting the letter. Let him complete. (*Interruptions*).

MR. DEPUTY-SPEAKER: Let him complete.

PROF. K. K. TEWARI: I am being interrupted like this.... (*Interruptions*).

MR. DEPUTY-SPEAKER: Allow him to complete the question. (*Interruptions*).

MR. DEPUTY-SPEAKER: He will place it. We will examine. It is all right. What is there in it?

(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: We cannot force him. It is left to him. We will examine it. If he places it on the Table of the House we will examine it.

PROF. K. K. TEWARI: I will lay it on the Table of the House.

MR. DEPUTY-SPEAKER: We will examine it.

PROF. K. K. TEWARI: It bears the name of an organisation called "The Madhya Pradesh Koyala Mazdoor Sabha" affiliated to Hind Mazdoor Sabha and the office bearers of this organisation are well-known. The person concerened is the President of Janata Party of Shahdol district. I can read out the letter.

AN HON. MEMBER: Yes, yes. Read out.

श्री के० के० तिवारी : इसमें लिखा है —

"श्री दलबीर सिंह जी, संसद्-सदस्य आशा है आप सानन्द होंगे। मैं स्वत: दिल्ली आता परन्तु कुछ अड़चनें के कारण नहीं आ सका। आपके पास हमारे अभिन्न साथी श्री आर० ए० कुमार आ रहे हैं आपसे ये झगराखांड कान्तिरी के सम्बन्ध में कुछ आवश्यक चर्चा करेंगे। यहां के सम्वन्ध में ये फ्रांस के अखबारों में लेख भेजने को हैं जिसके लिए आपसे चर्चा करना ये जरूरी समझते हैं। अत: आप इनका पूरा सहयोग इस कार्य के लिए कर सकें तो अच्छा है। और सब ठीक है।"

This letter was delivered to the servant of Mr. Dalbir Singh. He was not present. He had gone to his constituency. On his return he received a number of telephone calls from this man, and ultimately one day he appears, comes to his house and seeks an interview with him. Dalbir says he is busy, therefore he should come on the next day. And on the next day he comes armed with a revolver of foreign origin and all these things happen. The importance of this incident cannot be minimised. To me, this is not a question of law and order only. By treating it merely as a question of law and order we will be minimising its significance, the challenge that it opens to us. I am not saying that it is a challenge to the Government alone but it is a challenge to the whole system for which the great people of this country made sacrifices. The political order is sought to be de-stabilised. It is process of subversion and it is a part of a bigger conspiracy. When I look at the horizon, the signs are very portent, very dangerous. We can ignore it only at our peril.

I will only commend the promptness with which Police arrived on the scene and the efficiency with which they

[श्री के० के० तिवारी]

succeeded in dis-arming these criminals, who had entered into the house of Mr. Dalbir Singh.

SHRI INDRAJIT GUPTA (Basirhat): Not ordinary Police but trained commandos. Come out clearly.

PROF. K. K. TEWARI: So many things have been said about Mr. R.N. Kumar. He has also made many statements. It is important to note—it came out in 'The Times of India'—that before this drama was enacted, Mr. Kumar with his accomplices, had gone around Delhi and he had given hand-outs to almost all important newspaper offices and news agencies including foreign papers. When he was in the flat, he was holding almost a press conference, talking from the window and throwing down statements of his, duly signed. I will seek your permission to read it out. This will make abundantly clear the challenge that we are facing from such quarters.

SHRI MALIK M. M. A. KHAN (Etah): Why do you not lay it on the Table?

PROF. K. K. TEWARI: I will place it. But let me read it out.

He enunciates a philosophy. He raises the creed of violence to the level of philosophy. He talks about the metaphysics of violence. Social relevance of violence and all these things are talked about. He talks of his strategy of violence and how he, along with his freinds, proposes to execute the so-called corrupt political leaders in this country. He has only a sense of abhorrence, a sense of hatred for the so called elite in this country. Te raised many emotive issues. As I would read out, it will be clear to all the hon. Members, the dimension of the problem that we are facing.

He says:

"However, the really alarming feature of the present system is not so much to inefficiency as its built-in dynamism of decay, which stultifies the national soul more and more with every year that passes. As long as that system stands, Indian society, much as it may wish to, will never attain a historical break-through."

He talks about the system. According to him, the system has gone corrupt; it has decayed. He does not only talk about the political system. He also talks about non-political institutions in the country like the press, the judiciary and according to him, everything has gone absolutely corrupt and it has become irrelevant. He in a high-falutin and rhetorical way, calls upon the people to rise in revolt and take to individual execution, individual murder besides subverting the system and destabilising the whole country.

SHRI INDRAJIT GUPTA: Why should poor Dalbir Singh be selected for this? He cannot do anything in any case.

PROF. K. K. TEWARI: He talks about the relevance of violence, the quantum of violence. At one place, he has said that it should be controlled violence, creative violence.

He says:

"No serious student of history will deny that certain historical situations render violence ineluctable. There are circumstances, like the ones which obtain today in India, when political violence becomes a moral obligation, leaving no scope for individual vacillation.... Under such circumstances, the historical function of violence is so obvious and so clearly follows from the objective power relations, that any enquiry into the rightness or wrongness of violence must appear extremely suspect...."

While I was reading this, Shri Indrajit Gupta was asking as to why one individual, Shri Dalbir Singh, was selected for this. When he talks of indiscriminate violence, when he talks of violence as a strategy, then he could have picked up anybody. Again, in the same statement he says: our function, our purpose, limited objective, so far as Shri Dalbir was concerned, was to dramatise this, to gain publicity. So, they were hungering for publicity and they wanted to highlight the so-called decay of the Indian society and the historical necessity of de-stabilising the Government. So, they wanted to subvert the system by violence. For this reason, Shri Dalbir was selected. It is interesting that he finds a sympathetic echo in several hearts.

I am quoting from a book, which I borrowed from the Parliament Library. I hope there is no objection to it. The writer of this book, Shri C. G. K. Reddy, is to Shri Fernandes what Boswell was to Dr. Johnson. Shri Reddy is talking of the so-called total revolution.

SHRI INDRAJIT GUPTA: Sir, you seem to be enjoying all this.

PROF. K. K. TEWARI: This book had three editons in 1977. While Shri Kumar talks about the necessity of historical violence, this book written by Shri Reddy, during the regime of the Janata Party, the so-called restoration of democracy, when many of the people sitting on the opposition benches were in power....

MR. DEPUTY-SPEAKER: Come to the point; no discussion on Shri Reddy.

PROF. K. K. TEWARI: The believer the saviour, the protagonist of democracy, says:

'The law is primarily designed to maintain order. Law and order, it is easy to see, is heavily loaded in favour of the vested interests and *status quo*. A strict interpretation and application of the rule of law would result in the maintenance of the *status quo*. There can be no progress unless the peoples' will is expressed outside the letter of the law, and that is how throughout history revolutions have overthrown despostic government and changed the destiny of man."

SHRI INDRAJIT GUPTA: That is a historical fact.

PROF. K. K. TEWARI: I am taking about a particular context,—the context of today's India, with a duly—constituted Government, supported by the masses, the teeming millions of India, a system of democracy which we have brought, an egatiarian form of government, a society based on social justice that we have promised to the people —and here he talks of the historical necessity of violence. So, please revise your memory about your creed or philosphy. This is not connected with that. This is sneer terrorism.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now you can put your question. You have prepared sufficient background. The entire Calling Attention is for half an hour. But now one member takes half an hour.

PROF. K. K. TEWARI: Shri Kumar talks about the necessity of violence. In this book, while talking of strategy which becomes important in such operations. Shri Reddy in a rather longish chapter describes all the facets of this strategy.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I do not know whether Shri Kumar has read this book at all.

PROF. K. K. TEWARI: That is what I am trying to establish. In this book Shri Reddy talks of minimum violence. He talks of controlled violence. See what Mr. Reddy says. He says:

"While sabotage had necessarily to be one of the objectives, it could not be senseless, nor of a kind which would seriously inconvenience the people and thereby make such acts unpopular."

[Prof. K. K. Tewari]

So, he talks of the dynamite case justifying it, and then....

MR. DEPUTY-SPEAKER: Come to the question on the Calling Attention.

PROF. K. K. TEWARI: I am raising the question. This gentleman, Mr. Kumar is also said to have visited Germany and Austria. These links become very obvious.

SHRI INDRAJIT GUPTA: Your Government is very friendly with West Germany and Austria.

PROF. K. K. TEWARI: *The Times of India* today has a news item. It says:

"Kumar who is learnt to have had his education in Delhi and Gwalior" —Gwalior has special significance, he lived in Gwalior—"" hadd uring Emergency organised meetings in Austria and also in India as part of "total revolution" etc. etc.

This man was part of the outfit of the so-called revolutionaries. He went to Austria, and again Mr. Reddy...

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now it is time you put your questions.

PROF. K. K. TEWARY: Yes, I am putting them. On this Calling Attention I am trying to establish one thing.

Mr. Deputy-Speaker, Sir, here Mr. Reddy's commentary in his book about the connection of the so-called total revolution with Austria and Germany is very clear. He also mentions about it and says:

"The Committee also enjoyed the confidence of many foreign governments principally of West Germany and Austria."

So, the total revolution got its biggest boost-up, support from Austria and West Germany.

It has been said about Kumar that he took active part in the so-called total revolution and he started his career as an instant revolutionary from Austria and it is not incidental that the revolver which he has got—this has also come out in the *Times of India.* I would like the Home Minister to clarify it. It is said that he got his revolver Smith and Wasson, from a person called Robin and Robin got this revolver from a source in Austria. This is very important. These links have to be probed. When we look at such incidents, we have to be very serious. When we look at the newspapers, there seems to be a well laid conspiracy and it seems to be a repetition of 1974-75. All these forces of destabilisation, of subversion, are ganging up and with their foreign mentors, with their foreign connections, tonnes of money is flowing into this country and in the name of doing justice to the underdog in this country, the working classes for whom everybody sheds tears, in the name of these persons—this is also important and I put it to the Home Minister to clarify as to who is this Kumar, who has his permanent address in Delhi, he has had no connection whatsoever with these workers there, the coalminers there, he never lived there at any stretch of time, he was just a fleeting bird going and coming how come that suddenly he picks up this love for the working class there? Therefore, these things are important and then how the national press, the self-appointed guardians of civil liberties in the country, the *Indian Express* how they view this? They pooh-pooh this whole incident. I have no time to read it....

MR. DEPUTY-SPEAKER: Everybody would have read it.

PROF. K. K. TEWARI: The editorial of it indicates the mind of a section of people, those who have been supporting such forces of destabilisation, and more revealing than this is the *Times of India* Report about the lawyer. I put it to the Home Minister to kindly reveal the identify of Mr. Ohri, who appeared on behalf of the organisation, the People's Union of Civil Liberties. The People's Union for Civil Liberties has been straining itself, working over-time and spousing the causes of such elements right from Khalistan to Billa and Ranga. They

have been pleading for everybody, particularly for such forces of destabilisation, such forces of anarchy and violence. They are just taking the cover of the miseries of the people—the so-called miseries of the people. They are ganging up against the Home Minister and the hon. Members of the House. It is not a question of party in power or outside power. It is a question of the system. It is a question of the society that we have accepted a civilised social order that we have accepted.

In this connection Shri Ohri says. The statement again is revealing. Shri Ohri says, "Nothing happened". The lawyer says in the court. "Nothing happened. It is all a cock and bull story." See, a person goes with an armed revolver, fires quite a few shots in the house and breaks the window panes and he says that his purpose is the execution of important political person or some person whose murder will be taken as a dramatic event. This person goes there and the lawyer says that the whole thing was stage managed just to get publicity and sympathy...

MR. DEPUTY-SPEAKER: What else can we expect his lawyer to say? He has gone there to defend him.

PROF. K. K. TEWARI: I am just pointing out the strange, groupings, the ganging up and the conspiracy. (*Interruptions*). The lawyer says the ruling party wants to get some sympathy. (*Interruptions*).

MR. DEPUTY-SPEAKER: Let him put the question. You know the rules of Calling Attention. Let him complete please.

श्री मनीराम बागड़ी : मैं आपसे एक बात पूछता हूं कि क्या अदालत में कोई वकील जिरह करता है, सही या गलत, उसकी चर्चा यहां होगी ? ... (व्यवधान) ...

PROF. K. K. TEWARI: It has been given in the press. I am quoting. He says that it has been stage-managed to get the sympathy of the people in the coming Assembly election. If we seek to dismiss such events of importance when the life and security of the Members of this House is in peril, is in danger, this is the highest and grossest form or irresponsibility. Therefore,...

MR. DEPUTY-SPEAKER: Therefore, the question is. Please put the question

PROF. K. K. TEWARI: People have spoken for forty minutes, fifty minutes on Calling Attention.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please complete. There are four more Members.

PROF. K. K. TEWARI: I will take my time.

MR. DEPUTY-SPEAKER: You leave some material for them also. Do not exhaust.

PROF. K. K. TEWARI: Therefore, you will kindly recall. The hon. Members and you will also recall. Again, I say I am not levelling charges. I am merely speaking of facts, the facts which are before you. You can analyse and draw conclusions. The whole House can draw conclusion. This man is said to have originated from an obscure corner of Madhya Pradesh. My hunch, definite hunch and apprehension is that he is in collusion with other anarchist elements in Madhya Pradesh like Guhanyogi who is spreading his tentacles in the whole of Madhya Pradesh and that area and has connections with naxalites. I never support killing on innocent people in the name of naxalites. But those who believe in this sowing the seed of violence, those who seek to overthrow the Government through violence, wt are very much against them. Guhanyogi'... (*Interruptions*). they have a link. This House dismissed a memorandum (*Interruptions*) This House discussed Mr. Fernandes, an hon. Member of this House.. (*interruptions*).

[Prof. K. K. Tewari]

Shri Fernandes had gone to that area. He has gone to this area also

SHRI A. K. ROY (Dhanbad) : I am on a point of order.

MR. DEPUTY-SPEAKER : What is your point of order ? It should be very short. Do not make a speech.

SHRI A. K. ROY : Let me formulate. He is taking the name of some trade union leader of Madhya Pradesh, who is not represented, nor his party is represented in this House and nobody is there to defend him.

**आचार्य भगवान देव** (अजमेर) : चोर को दाढ़ी में तिनका है । ये उनके साथी हैं ।

SHRI A. K. ROY : I want to know whether it is proper according to a parliamentary practice to take the name of some person who is not remotely connected with this incident even according to the Government version to drive a point in the House.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please don't mention about the persons who are not members of this House.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY (Bombay North-East): Can he mention Mahatma Gandhi ?

PROF. K. K. TEWARY : I am formulating questions for the Home Minister. He is to reply to questions. Why should the members get exercised ?

(व्यवधान)

**श्री मलिक एम० एम० ए० खां** (एटा): मेरा प्वाइण्ट आफ आर्डर है। .... (व्यवधान) मुझे मत सिखाइए । मैं आप को 10 वर्ष पढ़ाऊंगा क्योंकि मैं पालियामेंट में आप से पहले एण्टर हुआ हूं । आर्गेनाइजेशन का नाम लेने की मेरे ख्याल से इजाजत है । यहां पर खालिस्तान का नाम रोज लिया जाता है जब कि वह यहां पर रेप्रेजेण्टेड नही है । उस वक्त किसी ने कोई आबजेक्शन नहीं किया ।

**आचार्य भगवान देव** : आर्गेनाइजेशन का नाम ले सकते हैं ।

**श्री आर० एन० राकेश** (चैल) : ये कैसे कहते हैं कि खालिस्तान का यहां पर रेप्रेजेण्टेशन नहीं है । यहां पर बहुत से लोग उधर हैं, जो खालिस्तान का समर्थन करने वाले हैं ।

(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER : You can mention the name of any organisation, but not the name of a person. (*Interruptions*) This is not Zero Hour. Please sit down.

PROF. K. K. TEWARY : It is only an ice-berg; the visit of Mr. Fernandes to Madhya Pradesh, his aspousal of the cause for these people; the book written by Mr. Reddy justifying violence, Mr. Reddy's own confession about the conduct of total revolutionaries with centres of their support in Austria and Germany and this man's connections with Austria and Germany; his getting a revolver from them—the whole scenario is so murky and so potential. The Government should go into all the facts. I am prepared to lay this letter on the Table.

Then, the People's Union for Civil Liberty, for example, has been deriving the inspiration from Amnesty International; Mr. Fernandes' connection with Socialist International; their support to these organisations through dubious channel and then here is another organisation called AVARD:

MR. DEPUTY-SPEAKER : You need not mention all these things. It is a Calling Attention Notice; it is not a general discussion. You put your question now.

PROF. K. K. TEWARY : I am posing a question. About this organisation

called AVARD, according to the decision of the House—the House has passed a resolution—an inquiry is being conducted into the affairs AVARD....

MR. DEPUTY-SPEAKER : I do not allow you more. You have already taken more than halfhour. You must put your question now.

**आचार्य भगवान देव :** यह बड़ा गंभीर मामला है। किसी के यहां ऐसा हो सकता है। आप के यहां हो सकता है और हमारे यहां भी हो सकता है। इसलिए इस पर बोलने के लिए टाइम दीजिए।

PROF. K. K. TEWARY : I am formulating the whole situation that it is a part of the bigger game of destabilising this country and destroying the democratic system that we have cherished for which generations of Indians have made heroic and laudable sacrifices. The whole system is at stake. Let us not take it in that spirit of polemics. I am not trying to pose any *cankerous* question.

The Home Minister of India owes it to the country and to this House to find out the known and unknown links, the subterranean links, of this man professing to be a revolutionary, claiming to be a man working for the downtrodden, working for the working class, his known connections with foreign agencies; the book written by Mr. Reddy and his connections unmistakably with these elements. Therefore, I want to know from the Home Minister of India whether this process is the beginning of their game, their vile game of denn stabilising this country because they have been talking of authorianism; they have been talking of undemocratic functioning and, therefore, in that connection, I want to pose this question also. I want that the Home Minister should concede an inquiry by CBI so that all the links of the persons are known and the House is enlightened about the threat that this country is facing today from such elements who are preaching violence and through violence, they want to change the Government.

**गृह मंत्री (श्री ज़ैल सिंह):** डिप्टी स्पीकर साहब, आनरेबल मैम्बर श्री के० के० तिवारी ने बहुत महत्वपूर्ण बातें बतायी। मैं उनकी इस बात को एक्सेप्ट करता हूं कि जिन बातों के लिये फाइण्ड आउट करना चाहिये, उनको फाइण्ड आउट करने में गवर्नमेंट कोई कसर नहीं छोड़ेगी और उन्हें फाइण्ड आउट किया जाएगा। जिनके नाम यहां लिये गये हैं उनके नाम के साथ उनका क्या लगाव है वह भी देखा जाएगा।

मैं इस बात से इत्तिफाक करता हूं कि इण्डिया को डिस्टैबेलाइज करने के लिये जो ताकतें सोचती हैं, कोशिश करती हैं, उनके बारे में कभी-कभी खबरें मिलती रहती हैं। इसमें साधारण तौर पर एक मैम्बर आफ पार्लियामेंट से मिलने की बात नजर नहीं आती। जब इंक्वायरी होगी और उससे जो निकल कर आयेगा तभी असलियत मालूम होगी। तब तक के लिये मैं कुछ नहीं कहूंगा। मगर जो उनका सुझाव है कि इस को सी०बी०आई० के हवाले कर दिया जाये, इसके बारे में भी दिल्ली एडमिनिस्ट्रेशन के साथ मशविरा कर के गौर करेंगे।

**श्री अशोक गहलोत** (जोधपुर) : उपाध्यक्ष जी, श्री के० के० तिवारी जी ने जिन बातों पर विस्तार से प्रकाश डाला है उनको दोहरा कर मैं सदन का समय बरबाद नहीं करना चाहूंगा।

मैं दो-तीन बातें कहना चाहूंगा। इस सदन के माननीय सदस्य भाई दलबीर सिंह जी के यहां यह घटना हुई, इसकी सभी पक्षों को निन्दा करनी चाहिये। यह कोई मामूली घटना

[श्री अशोक गहलोत]

नहीं हैं। इसके पहले भी हमारे माननीय मंत्री श्री भागवत झा आजाद साहब के यहां इस तरह की घटना हो चुकी है। हमारे सदन के एक माननीय सदस्य श्री जगदीश टाइटलर के घर पर भी बम फेंकने की घटना हुई थी। जो पिछले एक साल से संसद सदस्यों के घरों पर जाकर इस प्रकार से करने की लोगों की हिम्मत पड़ रही है और यह सिलसिला बढ़ रहा है, इस पर हमें गम्भीर चिन्तन करना चाहिये।

यह जो घटना घटी है, इसके बारे में मैं जानना चाहूंगा कि दो तीन दिन हो गये, अपराधियों को गिरफ्तार हुए, उनसे इन्क्वायरी में क्या जानकारी मिली, उनकी मंशा क्या थी, उनके पास पिस्तौल कहां से आया? इसके बारे में सदन को जानकारी मिलनी चाहिये।

मैं इस मौके पर दिल्ली पुलिस की भी सराहना करना चाहूंगा कि उस ने बहुत होश्यारी और सूझबूझ के साथ काम किया है जिसके कारण वहां कोई खूनखराबा नहीं हुआ। अगर पुलिस चाहते तो अपराधियों को एक घंटे में ही गिरफ्तार कर सकती थी। जहां हम कई मौकों पर पुलिस की आलोचना करते हैं, वहां ऐसे मौके पर हमें उसका धन्यवाद करना चाहिये।

मान्यवर, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि भाई दलबीर सिंह जी ने नियम 377 के अन्तर्गत उल्लेख करते हुए कल सदन को बताया था कि जो इस प्रकार के लोग उनके घर पर आये थे, उनका उनके क्षेत्र से कोई सम्बन्ध नहीं है और जिन खानों के बारे में वे बात कर रहे थे, वे भी उनके क्षेत्र में नहीं आतीं। इसलिये इस बात की भी जांच होनी चाहिये कि जो नवयुवक पिस्तौल लिये हुए थे, वे भाई दलबीर सिंह जी के ही घर पर क्यों गये? इसके अलावा यह भी जानकारी मिली है कि इनका कोई लीडर है जिससे इनका सम्पर्क है। ऐसे लोगों की मदद से इन लोगों को यहां आना और इस प्रकार की चिंताजनक स्थिति का उत्पन्न करना यह एक गम्भीर मामला है। इसलिये मैं माननीय गृह मंत्री जी से जानकारी लेना चाहूंगा कि अभी तक क्या क्या पता लगा है? उनकी मंशा क्या थी?

मेरा दूसरा सवाल यह है कि इस तरह की जो लगातार घटनाएं हो रही हैं, उनके सन्दर्भ में गृह मंत्री जी क्या सोचते हैं और आने वाले समय में संसद-सदस्यों की रक्षा के बारे में उनकी क्या योजना है, उस पर प्रकाश डालने का कष्ट करें।

**श्री जैल सिंह** : डिप्टी स्पीकर साहब, माननीय सदस्य ने जो पुलिस की कार्यवाही की प्रशंसा की है, इससे मैं बिल्कुल सहमत हूं। वाकई दिल्ली की पुलिस ने प्रशंसनीय कार्य किया है। और भी बहुत से क्राइम दिल्ली की पुलिस ने पकड़े हैं और इस मामले में अब तक जो जानकारी मिली है इन्वेस्टीगेशन अथारिटी को, उसके लिए इन्वेस्टीगेशन के हित में नहीं है कि मैं अधूरी कार्यवाही आपको बता दूं, क्योंकि अभी तक वे इस बात में लगे हुए हैं कि इसके पीछे क्या मंशा है, क्या इनका निशाना था, ऐसा क्यों किया गया, लेकिन मैं इस सदन के मेम्बर साहबान से जरूर प्रार्थना करूंगा कि हिंसा की नीति की हम सब को निन्दा करनी चाहिए और जो

भी बातें जैसे-जैसे उजागर होंगी, वे सब की सब हम हाउस को बताने का वायदा करते हैं।

**श्री अशोक गहलोत** : मेरा मुख्य सवाल तो रह गया। आगे के लिए संसद्-सदस्यों की रक्षा के लिए क्या योजना है ?

**श्री जैल सिंह** : उसके लिए में यह प्रार्थना करूंगा कि हमको इस बात की बहुत चिंता है। हम यह सोच रहे हैं कि मेंबर आफ पार्लियामेंट के लिए और दूसरे नागरिकों के लिये हमको ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि ऐसी घटनाएं न हों। अब तक जो हमने किया है, उसमें 8–10 प्वाइंट ऐसे रखे हैं, जिससे इन घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस की कार्यवाही तुरन्त हो। पैदल और ट्रांसपोर्ट के जरिए पेट्रोलिंग तेज की जाए और कुछ जगहों पर बहुत जल्दी पुलिस वाले पहुंच सकें, उनको मिला दिया जाए और कभी कभी इस तरह की रिपोर्टें भी आती हैं जैसे एक थाना यहां है, उस क्षेत्र के थाने का हैड क्वार्टर काफ़ी दूरी पर है और वहां के थाने में यदि कोई शिकायत जाती है तो वे कहते हैं कि यह तो हमारे थाने में नहीं है। इसमें 10–20 मिनट का समय लग जाता है। और क्राइम करने वाले लोग दौड़ जाते हैं। उसके लिए भी प्रावीजन किया हैं। इस प्रकार हम इस मामले पर पूरा गौर कर रहे हैं और भरोसा दिलाते हैं कि आनरेबल मेंबर्स और आम पब्लिक की इज्जत और उनकी जिंदगी तथा उनके माल के लिए रक्षा करने में हम कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे।

**श्री रामावतार शास्त्री** (पटना) : उपाध्यक्ष जी, मैंने मंत्री जी का बयान बहुत ही ध्यान और सावधानी के साथ पढ़ा है।

इसमें इन्होंने पुलिस को सरपट सर्टि-फिकेट दे दिया है कि पुलिस बहुत अच्छा काम कर रही है, लेकिन स्थिति आज बद से बदतर होती जा रही है, इसकी जानकारी भी इनको है।

इन्होंने इस बयान में यह भी कहा है कि साधारण अपराधकर्मों में कमी आ रही है, अपराध कर्म कम हो रहे हैं और पुलिस दक्षता के साथ अपराधियों का पीछा कर रही है—यही दो बातें हैं इसमें।

ये दोनों बातें बिल्कुल गलत हैं। इसका मैं एक ही उदाहरण दे सकता हूं। एक साल पहले मेरे नार्थ एवेन्यु घर में चोरी हुई, ताला तोड़ कर चोरी हुई। पुलिस ने कहा कि एक-दो महीने में हम चोरों को पकड़ लेंगे, लेकिन इनकी दक्षता का हाल यह है कि मामूली चोरी को भी ये नहीं पकड़ सके। इसलिए मेरी समझ में इनकी पुलिस के लोग, बहुत सारे इनके पीछे चलने वाले नेता लोग अपराध कर्मियों को राजनीतिक संरक्षण प्रदान करते हैं। बयान के बावजूद, भिंडर साहब के जाने के बावजूद दिन प्रति दिन अपराध कर्मों की बाढ़ आती जा रही है, लूट हो रही है, डकैतियां पड़ रही हैं, शील हरण चल रहे हैं, कत्ल हो रहे हैं, हत्यायें हो रही हैं——

**श्री आर० एन० राकेश** (चैल): स्मगलिंग बढ़ रही है।

**श्री रामावतार शास्त्री** : स्मगलिंग ता जैसे इनके सिस्टम का एक अंग ही बन गया हो।

अब मैं बैंक डकैती के बारे में कुछ बातें आपके सामने रखना चाहता हूं और उसके बाद संसद् सदस्य वाली बात रखना चाहूंगा। और माननीय सदस्यों ने बैंक वाली बात को बिल्कुल छोड़ दिया है। पिछले दस महीनों में चार बैंकों में और एक पोस्ट आफिस में

[श्री रामावतार शास्त्री]

डकैती पड़ी है । बारह अप्रैल को दक्षिण दिल्ली क्षेत्र को गीतांजलि कालोनी स्थित पंजाब नैशनल बैंक में 2 लाख 27 हजार 462 रुपये की लूट हुई । इसके एक महीना पहले 9 मार्च को जोड़बाग स्थित एक रिजनल डाक खाने में 12 लाख की लूट हुई । 1 फरवरी, 1982 को महारानी बाग स्थित कनारा बैंक की शाखा से 11 लाख रुपये की लूट हुई । सितम्बर 1981 में साउथ एक्सटेंशन स्थित कनारा बैंक से 6 लाख 44 हजार रुपये की लूट की गई । जून 1981 में ग्रेटर कैलाश स्थित युनाइटेड बैंक की शाखा से 1 लाख 23 हजार रुपये की लूट हुई । दस महीने के अन्दर इनके बयान के मुताबिक इन घटनाओं को नहीं घटना चाहिए था क्योंकि स्थिति सुधर रही है, पुलिस चुस्ती से काम कर रही है, डकैतों को पकड़ रही है, अपराध कर्मियों को पकड़ रही है । लेकिन ये घटनाएं बताती हैं कि इनका कथन बिल्कुल ** है । बारह तारीख की घटना को आप देखें । डकैत दो बजे आए । एक का नाम था अहमद ——

MR. DEPUTY-SPEAKER : Shastriji, you have used some words which should not be used... I will go through the proceedings.

**श्री रामावतार शास्त्री** : **

बारह अप्रैल को जब बैंक में लूट हुई तो लुटेरे थे अहमद और जावेद । अहमद ने जावेद से कहा टैलीफोन की तार काट दी । उसने फौरन काट दी । फिर अहमद ने बैंक कर्मचारियों को गालियां देते हुए कहा "तुम्हारा क्या जाता है, पैसा तो सरकार का ही है न ?" इस तरीके से लूट होती आ रही है । ये घटनाए बढ़ती जा रही हैं । सरकार इस सिलसिले में मेरे ख्याल से कोई कारगर उपाय नहीं कर रही है, वर्ना इतनी बड़ी बड़ी डकैतियां नहीं होती और वह भी सरकारी खजाने की लूट । दिन दहाड़े डकैतियां पड़ रही हैं । दो बजे दिन में पड़ रही हैं, शाम का पड़ रही हैं । अब मैं सवाल पूछ रहा हूं ।

पुलिस वाले कहते हैं सूराग मिल रहा है । मैं यह जानना चाहता हूं क्या कोई सूराग इन डकैतियों के बारे में मिला है ? 12 के भी और पहले भी कोई सुराग आपको मिला है ? यदि हां, तो वह क्या है ? बताने की स्थिति में अगर हों, पब्लिक इंटरेस्ट में जरूरी समझते हों तो बताइए । नहीं, तो क्या दिल्ली की पुलिस ऐसा तो नहीं है कि नपुंसकों हो कर रह गई है, यह शब्द तो शायद अलाउड है . . .

SHRI JAG PAL SINGH (Haridwar): He is only telling the fact.

**श्री रामावतार शास्त्री** : नपुंसक हो चुकी है, या यह समझा जाय सारी डकैतियां उनके मेल से चल रही हैं ?

(2) बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति अभी क्या है ? क्योंकि बारबार आप कहते हैं कि हम सुरक्षा मजबूत कर रहे हैं । तो क्या है वह सुरक्षा ? इस दिशा में सरकार ने कौन से कदम उठाये हैं ? उनके बावजूद डकैतियां क्यों हो रही हैं, और वह भी दिन दहाड़े ? फिर क्या इन डकैतियों को रोकने में असफलता के लिए उन क्षेत्रों से सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही की गई है ? यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्योरा क्या है ?

(3) क्या सरकार ने इस प्रकार की डकैतियां, लूटपाट तथा अन्य अपराध

**Expunged as ordered by the Chair

कर्मी को रोकने के लिए कोई विशेष योजना तैयार की है ? यदि हां, तो उसका ब्यौरा बता दीजिए ताकि अन्दाज लगे कि आप किस तरीके से डकैतियों को और अपराध कर्मी को रोकना चाहते हैं ।

अब माननीय तिवारी जी का भाषण सुनने के बाद मेरी प्रतिक्रिया क्या है, यह भी सुन लीजिए—कहीं की ईंट कहीं का रोड़ा, भानुमती ने कुनबा जोड़ा । यही है इनके भाषण का सम और सब्स्टेंस । और मैं कुछ नहीं कहना चाहता इसके बारे में । क्या बोल गये, एक शब्द भी डकैती के बारे में नहीं कहा ।

MR. DEPUTY-SPEAKER : This is not a general discussion. We have already spoken about the M.Ps. You now concentrate on this point only.

**प्रो० के० के० तिवारी** : सब से ज्यादा डकैतयां वेस्ट बंगाल में हुई हैं, क्यों नहीं बोले ? ...

(**व्यवधान**)

We can discuss the law and order situation of West Bengal here.

SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER (Durgapur): What is this? you discuss law and order situation here. (*Interruptions*).

MR. DEPUTY-SPEAKER: Order, order. Shastri Ji, put your questions.

**श्री कृष्ण चन्द्र हाल्दर** : हमारे यहां नहीं ऐसा होता है । हमारा सिस्टम अच्छा है ।...

(**व्यवधान**)

**प्रो० के० के० तिवारी** : हमारे सिस्टम में अगर गड़बड़ है तो इनके सिस्टम में क्यों डकैती होती है ? ...

(**व्यवधान**)

**13 hrs.**

**श्री रामावतार शास्त्री** : सरकार आम जनता की हिफ़ाज़त नहीं कर सकती । इसकी स्थिति इतनी खराब हो गई है कि अपने माननीय सदस्यों की भी हिफ़ाज़त करने में असमर्थ मालूम हो रही है । अगर ऐसी बात नहीं होती तो हमारे दो नौजवान—राजनारायण कुमार और कुमार स्वामी—यह हमारे सहयोगी संसद् सदस्य के घर में घुस कर के 9 घण्टे तक 5 आदमियों को बंधक बना कर नहीं रखते । स्थिति कहां तक बिगड़ गई है इसकी तरफ आपका ध्यान दिला रहा हूं । यह सचमुच में नाटकीय और सनसनीखेज़ घटना है । शायद ही इस तरह की घटना कभी किसी मुल्क में हुई हो । बहुत आपने लम्बा-चौड़ा भाषण दिया, लेकिन यह बताया नहीं कि वास्तविकता क्या है ? आपने इतना लम्बा भाषण दिया, वह वास्तविकता है या यह ? आज लोगों को आपके सिस्टम में विश्वास नहीं रह गया है ।

**प्रो० के० के० तिवारी** : जब विश्वास नहीं रह गया है तो आप क्यों यहां आते हैं ? चले जाइये, यहां से । ...

When you are condemning the system then why are you participating in it?

**एक माननीय सदस्य** : यह लोगों का विश्वास कह रहे हैं, अपना नहीं कह रहे हैं ।

(**व्यवधान**)

**श्री रामावतार शास्त्री** : तिवारी जी, मैंने आपको कभी टोका नहीं ।

मैंने कहा कि पूंजीवादी व्यवस्था में लोगों का विश्वास घटता जा रहा है तेज़ी के साथ ; अगर ऐसी बात नहीं होती तो लोग डिस्गस्टेड नहीं होते । यह समझते हैं कि आप महंगाई को नहीं रोक सकते । मजदूरों के सवाल का हल नहीं निकाल सकते, ला एण्ड आर्डर को

[श्री रामावतार शास्त्री :]

नहीं संभाल सकते, किसानों को लाभकारी मूल्य नहीं दिला सकते । तो लोगों का विश्वास खत्म होना लाजिम है ।

उस नौजवान ने जो बात की, हम उसके समर्थक नहीं हैं, वह गलत है, उसका विरोध होना चाहिए । लेकिन वह आप ही से सम्बन्धित है झा जी । जरा आज का पैट्रियाट का सम्पादकीय लेख पढ़ लीजिए, अगर नहीं पढ़ा हो तो ।

**(व्यवधान)**

**एक माननीय सदस्य :** उसी से प्रभावित हैं ?

**13.z2 hrs.**

(Shri Harinatha Misra in the Chair)

**श्री रामावतार शास्त्री :** तो जो आपने सिस्टम बना रखा है, उसमें इस तरह के लोग पैदा होंगे, एक नहीं अनेकों सैकड़ों और हजारों । इसीलिए इस सिस्टम में चेंजेज जरूरी है ।

मैं यह बताना चाहता हूं कि 30,000 मजदूर कोयला खानों में काम करने वाले वहां हैं । उस जगह का नाम भी है शहडोल । इसलिए कि जो कालरीज है और जहां के बगल से श्री दलवीर सिंह आते हैं 30,000 मजदूर 2 अप्रैल से हड़ताल कर रहे हैं ।

**(व्यवधान)**

अगर उनका अधिकार है बोलने का तो आप नियमन कर दीजिए ।

**सभापति महोदय :** रामावतार जी,..

**श्री रामावतार शास्त्री :** वह सुनते नहीं हैं, घबड़ा गये हैं, ऐसा लगता है ।

**(व्यवधान)**

**एक माननीय सदस्य :** आपका जो वक्तव्य है, पहले उसको सोच-समझ कर दीजिए ।

**श्री रामावतार शास्त्री :** 30,000 मजदूर कोलरी में हड़ताल पर हैं । यह कहते हैं नहीं हैं । उनकी बात आपने सुन ली । उनकी स्थिति क्या है और पूरे देश में कोलरी मजदूरों की आज क्या दयनीय स्थिति है, क्या आप नहीं जानते हैं ?

**सभापति महोदय :** शास्त्री जी, जो माननीय सदस्य अभी बोल रहे थे, उनके प्रतिनिधि होते तो उनके यहां इस तरह..

**एक माननीय सदस्य :** हड़ताल नहीं होती ।

**सभापति महोदय :** हड़ताल होती या नहीं, में नहीं कह सकता, लेकिन कुछ औचित्य था । लेकिन यह तो ख्वाम-ख्वाह भिड़िया वाली बात हुई कि बगल में आपकी कांस्टीटुएन्सी है, इसलिए हम आ गये । मुझे तो कोई तुक नहीं मालूम होती है ।

(व्यवधान)

**श्री रामावतार शास्त्री :** कल भी इन्होंने कहा था कि उनके क्षेत्र के बगल में है । मैं यही बता रहा हूं कि मजदूरों की स्थिति बहुत दयनीय है ।

**सभापति महोदय :** ठीक है ।

**श्री रामावतार शास्त्री :** सरकार का ध्यान उधर नहीं जाता । पीने को पानी नहीं, 60 प्रतिशत लोग टी० बी० और दूसरे रोगों से पीड़ित हैं, औषधि और अस्पताल की व्यवस्था ठीक नहीं है, चिकित्सा नहीं है । तो उन्हीं तमाम मांगों को ले कर वह 2 अप्रैल से हड़ताल कर रहे हैं । उनकी बात अगर आप हम हल.

नहीं करेंगे, तो इस तरह के युवक कहीं न कहीं से पैदा हो जाते हैं, हमारे और आपके हाथ में उनको रोकना नहीं है। कोई मजदूर ऐसा नहीं करता। मजदूर तो अपनी ताकत और एकता बना कर सरकार की नीतियों के खिलाफ शान्ति के साथ संघर्ष करते हैं। और आज़ाद साहब से मांग करते हैं कि हमारी यह मांग है, इसे मान लीजिए। सांसदों की रक्षा तो जरूर होनी चाहिए, विधायकों, मंत्रियों और तमाम जनता की रक्षा होनी चाहिए, लेकिन मजदूरों के सवालों का हल भी निकालना चाहिए। अगर ऐसा नहीं किया जाएगा, तो जाहिर है कि इस तरह के पथभ्रष्ट युवक इस तरह की घटनाओं में भाग लेते रहेंगे।

अब मैं इन दोनों घटनाओं के बारे में सवाल पूछता हूं।

**सभापति महोदय :** मैं तो समझता था कि आप सवाल पूछ चुके।

**श्री रामावतार शास्त्री :** इन दोनों घटनाओं की रोशनी में यह स्पष्ट हो गया है कि . . .

**सभापति महोदय :** क्या अभी तक अंधेरे में पूछ रहे थे?

**श्री रामावतार शास्त्री :** दिल्ली की इन दोनों घटनाओं से स्पष्ट है कि कानून और व्यवस्था नाम की कोई चीज यहां पर नहीं है। दिल्ली में जनता की सरकार भी नहीं बनी हुई है। मैं भारत सरकार की बात नहीं कह रहा हूं। कार्पोरेशन इनके कब्जे में है, एन० डी० एम० सी० इनके कब्जे में है। क्या यह सवाल नहीं उठता कि यहां पर इस तरह की घटनाएं इस लिए भी ज्यादा हो रही हैं कि यहां के शासन की बागडोर चुने हुए प्रतिनिधियों के हाथ में नहीं है? अगर ऐसा है, तो क्या सरकार और राज्यों की तरह—बंगाल, केरल, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश आदि की तरह—यहां भी फ़ौरन असेम्बली का गठन करके चुनाव कराना चाहती है या नहीं?

मंत्री महोदय ने कल अपने बयान में बताया कि इन दो नौजवानों पर मुकदमें चलाए जा रहे हैं। उस ब्यान में किसी सैक्शन की चर्चा नहीं थी। कोई न कोई सैक्शन लगाया होगा। मैं जानना चाहूंगा कि सी० आर० पी० सी० या आई० पी० सी० की किन दफ़ाओं के मातहत उन पर मुकदमे चलाए जाएंगे।

उनके पास रिवाल्वर पाया गया; जिस पर मार्क है यू० एस० ए० संयुक्त राष्ट्र अमरीका। मैं जानना चाहता हूं कि यह रिवाल्वर किनका है, कौन उसका मालिक है, कहां से वे इसे लाए। सुना है कि उन नौजवानों के पास से कुछ विदेशी पासपोर्ट भी बरामद किए गए। अगर यह सच है तो वे पासपोर्ट किन देशों के थे और किन किन के नाम से थे। इससे भी बहुत कुछ सुराग मिल सकता है।

इन तमाम बातों की रोशनी में यह साफ है कि भारत सरकार स्थिति पर काबू पाने में असफल रही है। क्या यह ठीक नहीं होगा कि वह फौरन से पेश्तर इस्तीफ़ा दे दे?

मेरे सवाल बहुत स्पष्ट और साफ़ हैं, इस लिए उनके उत्तर भी साफ होने चाहिए। बैंकों की रक्षा के बारे में और हम लोगों की रक्षा के बारे में सरकार बहुत चिन्तित है। वह इसके लिए क्या करना चाहती है और क्या सोचती है? क्या वह दिल्ली की जनता को अपनी तकदीर का फ़ैसला करने का अधिकार देना चाहती है या नहीं; अगर देना चाहती है, तो कब तक; अगर नहीं देना चाहती है, तो क्यों नहीं?

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: Shri Ramavatar Shastri has dealt with two incidents which have taken place: one is about the intrusion in the house of our Hon. Member of Parliament and the second is about the bank robbery. I am sorry, he has been most uncharitable to the Police. I never expected that Shri Ramavatar Shastri should speak in that manner saying that they are impotent and all that. The commendable manner in which they were able to cope with these two intruders go to show that the Police Administration is efficient and by such disparaging comments, it will go only to demoralise the Police administration. Where credit is due it is to be given. If the Police has gone wrong the hon. Member has got every right to criticise them. But where they have done things in a commendable manner. I expect that the hon. Member like Mr. Ramavatar Shastri should have certainly commended the Police for their swift action which they have taken.

Now, while putting certain questions the hon. Member has echoed the feeling of Shri R. N. Kumar. He has mentioned about the inadequate arrangements that are made for the welfare of the workers in the Mines. He said that they are not satisfactory and some of the workers are suffering from T.B., some of them are suffering from cancer, etc. All these things have been mentioned by Mr. Kumar already but statistics prove that the points raised by them are not correct. I will give you the facts that I have got with me.

Sohagpur is the biggest area of Western Coalfields Ltd. with a provision of about 4.54 million tonnes of coal per annum. It has 14 mines and about 20,000 employees. It is in District Shahol of Madhya Pradesh. The Jhagrakhand area has a production of about 3 million tonnes per annum. It has 11 mines and about 11,500 employees. It is in District Surguja (Madhya Pradesh). Chirimiri area with an annual production of about 3.7 million tonnes of coal has a capacity of 10 million tonnes and 15,00 employees and it is also in District Surguja (Madhya Pradesh).

I will now come to the medical facilities that are available in that area. In Jhagrakhand area, there is a 150-bed hospital at Marendragarh being run in addition to the colliery dispensaries. In Sohagpur area, there is a 100 bed hospital at Burhar for the coal workers which is being run by W.C.L. In Chirimiri area, there is a regional hospital at Kurasia with 30-beds. A 22-bed hospital is under construction at Ramnagar in Jhagrakhand area. So far as the medical facilities are concerned, when we calculate them, they compare favourably with the all-India average of provision of hospital facilities and bed facilities to those workers.

Now, in regard to the drinking water supply, the position is quite satisfactory in most of the Collieries in Jhagrakhand and Sohagpur area except in Ramnagar. For Ramnagar Colliery, a drinking water supply scheme is under preparation. The following drinking water supply schemes are under execution:

NCPH Colliery—Chirimiri area

Amlai Colliery —Sohagpur area

Burhar (I) Colliery—Shogapur area

Rungta Colliery —Sohagpur area

Birsinghpur Colliery —Sohagpur area

Burhar (II & III) Colliry—Sohagpur area

A drinking water project for Chirimiri area has been approved which would cost about Rs. 3.10 crores. The project is being implemented by the State Government and 1/3rd expenditure would be borne by the State Government and 2/3rd expenditure by the W.C.L. and the Coal Mines Welfare.

The housing satisfaction in the Coal industry is about 30 per cent. But in these 3 areas of W.C.L. which are in

districts of Surguja and Shandol, it is more than 30 per cent. Sir, a few days back a representation has been made by Prof. Madhu Danavate and Shrimati Pramila Dandavate. They made certain demands and they are being considered. So far as the drinking water problem is concerned, the Coal India Ltd. has reported to us that there are drinking water supply schemes in this area. Except in Ram Nagar, as I told you, in other places sufficient water is being provided; and 1,500 gallons, if I remember correct, is being provided to each family. These are the arrangements which have been made. This year an additional amount also has been allocated for having this water supply scheme executed. I also informed the Hon. House the various steps that have been taken in this connection by the Coal India Limited to look into the problems of this area. So, when Shri Ramavatar Shastri says that there is no drinking water, there is no medical facility, I say, according to the facts available, the statement made by the Hon. Member is not correct. He is only trying to exaggerate the situation.

SHRI RAMAVTAR SHASTRI: You find out, if you don't believe the figures.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: Sir, he wanted to know what security arrangements are being made for providing security to the banks.

Sir, the Home Minister made a statement in the Rajya Sabha on 16th March and he has brought to the notice of the Banking institutions the various safety measures that have to be taken. A Notification has also been issued. The letter of the Home Minister reads like this:

"With proliferation of banking services both in urban and rural areas, the need for taking maximum security precautions against bank holdups has assumed great urgency. The question of extending the charter of CISF to cover the requirement of security of bank may also be considered. Some of the more important points which would come up for consideration are as follows:

Physical security measures, location of banks, design of the building, specification and design of the strong room, operation or cash chests, entry and exit regulations for the banks, arrangements for safe movement of cash chests to and from the bank, alarm devices and beat in safety measures, security staff, armed and plain-clothes guards, laying down the drill in the event of hold up, integration of security measures with local police arrangements."

The Home Minister, for information of the Hon. House, has constituted a committee with the following officers to study and report on the creation of bank security force. The Committee consists of Additional Secretary (Union Territories), DG, CISF, Joint Director, (IB), Additional Commissioner of Police (Crime) Delhi, Joint Secretary (Police), MHA.

The Committee should submit its report within three months. This is the immediate step the Home Ministry has taken.

Shastriji has drawn our attention in regard to this particular incident of Geetanjali Enclave. In this connection I would like to say one thing. Sir, it is not necessary to mention in detail about how the robbery has taken place. But one fact remains that the Bank authorities must be more vigilant, more careful in running their banking institutions. In spite of our repeated communications to them, there seems to be some sort of a laxity on the part of the employees in the matter of taking proper steps. In this particular case, I may say that in the Punjab National Bank branch at the time of the occurrence there were only four employees. The Branch is situated in a small two-room residential houses. There are only nine employees working in this Branch, out of which there were on leave and two had gone for

[Shri R. Venkatasubbaiah]

lunch. So, at the time of the occurrance only four of them were there—the Manager, Cashier, Clerk and Peon.

The daily transaction was closed at 1 p.m. and the employees were having lunch at that time. Shri K. N. Agarwal had returned from lunch, and had kept the door open. He was almost immediately followed by the two unknown persons wearing helmets. They called the Manager by name and demanded the cash from him, at pistol point. The Manager then asked the Casher to hand over the cash from the cash box."

Sir, the scenario reads like a sort of detective story. The employees should have taken more effective steps in safegarding the cash that is deposited. As a matter of fact, the cash transactions had closed at 1 p.m. So, they should have been more careful in this matter. In spite of that, we are persuading the Banking Department in the Ministry of Finance to cooperate with us in strengthening the security measures in this connection.

The hon. Member also made a charge that the Police have so far failed to apprehend the culprits who are involved. Investigation is going on.

Sir, I may bring to the notice of the hon. House something which happened recently. The south District Police has smashed an inter-State gang of notorious dacoits who were acting in U.P. and Delhi. On receipt of a tip that these dacoits were planning to commit a dacoity in the shopping complex near Okhla during the night between 12/13-4-1982, the Police party led by SHO Shivpuri and Inspector Jagpal Singh swung into action and nabbed all the eight dacoits who were assembled for executing their plan of dacoity in the DDA Park near Okhla Marg. When the gang was challenged by the Police party they were taken by surprise, and they made all attemp to dodge the Police party and escaped under cover of darkness, but they were cornered from all sides, leaving them no other alternative but to surrender. The gang was armed with deadly weapons like country pistols, a knife, lathis and housebreaking implements. In all, three country-made pistols with ammunitions were recovered from their possession. In addition, a toy pistol which looks like an English revolver was also recovered from the possession of one of these dacoits.

The dacoits' names have also been mentioned.

It is not as though the Police are keeping quite, Shastri Ji. They are not obliging anybody. They are doing their duty in all these matters. The dacoities that are being committed, are committed in a manner that baffles at times even investigation, but the Police are alive to these facts. The crime is sophisticated. It is not as though hardened criminals are now engaged in dacoity or robbery. As I mentioned in my previous reply, there are many educated people. There was a graduate of a University who was also apprehended. So, these are all the matters which are engaging the attention of the Police Department.

About these two persons--R. N. Kumar and the other gentleman—who have been apprehended, they have been charged under Sections 307/452. 506/342/34 I.P.C., Section 100-B.I.P.C; and Section 27 of the Arms Act.

Now about other matters Shastri Ji has asked, viz. what is the type of revolver, whether there are any markings on it, to which country it belongs —all these matters cannot be disclosed at this juncture. It will not help us investigate into all these matters.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI: What about passports?

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: All these matters— we will tell you. I may mention this to Shastri Ji—a great veteran freedom fighter like Shastri Ji who believes in parliamentary democracy, had nothing to say except

that these are the reasons viz. bourgeoise capitalism, exploitation and all that. But I may point out to Shastri Ji that this cult of violence is harmful not only to one particular party. I am telling him that it possess the greatest danger to every party. So, we should all join in condemning this cult of violence, wherever it is.

About the background of the man, the Home Minister has already dealt with this matter. (*Interruptions*) The background of this gentleman and his associate. Shri Bagriji got up and said, is it any crime for the lawyers to defend him. These are not ordinary professional lawyers. They are self-made, self-righteous lawyers drawn from DFCL. These people have taken upon themselves that everything that the Government does is wrong and they are correct. Even they did not hesitate to defend Billa and Ranga. So, Bagriji, they are not professional lawyers. I think you would have argued their case better than these people. The background of Mr. Kumar, all these facts will be brought before the House at an appropriate time. I do not want to take the time of the House. These are the people who are danger to the democratic system in this country. They say:

"Our objective is rather to destabilise the whole oppressive system. As the best means of doing this, we intend to execute influential individuals who have misused their official position and power to commit henious crimes—crimes which are a matter of public knowledge and revulsion and which, in any society with effective moral standards would at once be rewarded by a death sentence or a public lynching. Whether we are immediately successful or not, we trust that these executions will receipt a large publicity. Once their true motive is understood, they will create a general commotion of feelings, which can ultimately be harnessed to bring about fundamental changes through a democratic process."

He further says,

"It is only revolutionary violence which can purge from our hearts the engrained fear of State power, and wean our minds from their year-long addiction to wishful thinking."

At this juncture, only violence can restore to history, its meaning and direction, only violence can play the midwife's part at the impending birth of a "new India"..

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY (Calcutta South): From where are you quoting?

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: The leaflets which they have published —these boys. These are the most disturbing factors. I do not want to say anything at this juncture. We are going into the entire ramification of this cult of violence. They have only symbolised one M.P. to unravel their acts of violence.

MR. CHAIRMAN: But to be fair to Shri Shastriji, he himself discribed these youngmen as *patha bhrasht* (misguided) but caught on the wrong track.

(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: I think the Chair has understood you well.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: My difficulty is this. You will be able to understand it because that in Bihari Hindi; you will understand it.

MR. CHAIRMAN: No, Sir. It is the Hindi known throughout the country —from North to South.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: There are Bhojpuri, Maithili....

MR. CHAIRMAN: This is pure Sanskrit.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: I did not ehar that word. (*Interruptions*) I do not want to disclose anything at this stage. Let our friend, Rakeshji be patient. Our Home Minister has said about it. It has been taken very seriously, it has to be gone into with all its implications involved, whether it has got wider connection's with other countries who are enemical to the interest of this country, who do not want that political system, this democracy should prevail in this country. So, we have not treated this as an ordinary matter. As the Home Minister has said about the crimes situation, I need not repeat. I have said it. These statistics go to show. I have proved it through statistics that the crime rate has come down. Again I do not want to repeat it because several times these statistics were given to this House.

MR. CHAIRMAN: We have had detailed discussion already.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: We have had discussion on the Home Ministry's Demands for Grants and several calling attentions. I only say that the picture that has been given by Mr. Shastri about the horrifying conditions of the mine workers is not correct. This is far from truth, I can say. I do not say it is corect. But all the steps are being taken by Coal India to provide elementary amenities and needs of these people.

MR. CHAIRMAN: For one aspect of the situation, excuse me Mr. Minister.

(*Interruptions*)

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: This is with the connivance of the administration. It is a simple thing. (*Interruptions*) You direct the administration...... (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: It is all right. Resume your seat.

(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: To one particular aspect, Mr. Minister, I would like to draw your pointed attention and it is this: So far as number of day light robberies in the Bank premises all over the country are concerned, they have been frightfully growing. In the circumstances, it is no use the Home Ministry passing on the buck to the Finance Ministry and the Finance Ministry to the Home Ministry. And again it is no use waiting for the report to be received after months. In my humble opinion, the heads of the two Ministries may discuss the issue, as quickly as possible and some effective measures for safety should be devised and taken without waiting for these reports.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: I am extremely sorry. I have to disagree with you. Because, I may tell you, the banks have to take elementary precautions. In this case this man threw open the door and they just walked in. On our part I have listed the several measures that have been taken. So I think that the remark should not.... (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Then let us leave it at that.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: He has not said anything about the intelligence service. You must have had some information. What about that? (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Shri Mani Ram Bagri.

**श्रीमती कृष्णा साही** (बेगुसराय) : सभापति महोदय, मेरा प्वाएंट ग्राफ़ ग्रार्डर है । किस नियम के मुताबिक वे प्रश्न पूछ रहे हैं । ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में उनका नाम नहीं है ।

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: Then, you are also speaking!

**सभापति महोदय** : जिस तरह सदन में होता ग्राया है, इट इज पार्ट ग्राफ़ द गेम । श्री मनीराम बागड़ी ।

**श्री मनीराम बागड़ी :** (हिसार) सदर साहब, यह घटना जो घटी है, ऐसी कोई भी घटना घटे, उसकी निन्दा होनी चाहिए। देश और दुनिया में यह कायदा है कि जिस किसी व्यवस्था में गरीब से गरीब, निर्धन से निर्धन, कमजोर से कमजोर औरत भी अगर आधी रात को बाहर जा रही हो और उसे कोई कुछ कहने वाला न हो, उसे हम रामराज कहते हैं। किसी व्यवस्था को कहने का एक रास्ता यह है, यह शुद्ध कानून और व्यवस्था है। किसी व्यवस्था के बारे में इस प्रकार से भी कहा जाता है कि बड़े से बड़े आदमी को जिन्दगी का खतरा है। हालांकि उसकी जिन्दगी कीमती होती है। यह भी समाज की एक व्यवस्था है।

सभापति जी जिन्दगी सब की समान है। लेकिन कुछ जिन्दगियां ऐसी होती हैं जिनसे देश, राष्ट्र और सभ्यता पर असर पड़ता है। उसमें उम्र कोई भी तकाजा नहीं करती, उसमें नर-नारी और मजहब भी तकाजा नहीं करते।

गांधी जी इसी दिल्ली में शहीद हुए। गांधी जी को मारने वाला नाथूराम गोडसे नहीं था,। गांधीजी को मारने वाला एक वातावरण था। इस देश के अन्दर माइनोरिटी, अकलियत रहे या न रहे; इस फ़िरकापरस्त दिमाग से इस देश में हवा बनी और उसी का प्रतीक नाथूराम गोडसे था। आज दिल्ली में इस किस्म का वायुमण्डल बन रहा है। यह वायुमण्डल खतरनाक है। व्यक्ति से मेरा कम द्वेश है, क्योंकि कोई बीमार व्यक्ति, कोई मन का रोगी, दिमाग का रोगी भी कोई गलत काम कर सकता है, लेकिन समाज में जो यह प्रथा ...... (व्यवधान) मुझे भी कुछ सख्त कहना पड़ेगा। गद्दी पर बैठने वालों का दिमाग खराब हो जाता है। बात सुनने की बजाए सुनाना ज्यादा चाहते हैं। बात सुनना ज्यादा अच्छा है, क्योंकि उसके हाथ में शक्ति है, ताकत है, उसका उसे उपयोग करना है। इस दुर्व्यवहार की मैं निन्दा करता हूं। इस तरह की बात इस देश की संस्कृति के बिल्कुल विपरीत है। गांधी, गौतम, नानक, पीर, पैगंबर और शहीदों का यह देश है। यहां पर ऐसा बेजा और बेअक्ल दिमाग इस देश को नुक्सान नहीं पहुंचा सकता। वह भय और आतंक से अपनी बात नहीं मनवा सकता, इस तरह की बात प्रचार माध्यमों से प्रचारित की जानी चाहिए, गोष्ठियां में इस तरह की बात चलानी चाहिए। इस बारे में सरकार क्या प्रबन्ध करेगी।

एक बात मैं और कहना चाहता हूं। आप पुलिस को स्तुति करते हैं कि बहुत अच्छा काम किया। मैं देश के किसी आदमी की निन्दा से खुश नहीं हूं, लेकिन अगर ड्यूटी पर कोई आदमी है, उसकी आप तारीफ़ कर देंगे कि चोर पकड़ लिया, बहुत अच्छा काम किया तो अच्छा काम तो यह हुआ कि चोरी नहीं होने दी, चोर पकड़ लिया तो ठीक है, तनख्वाह किस बात की मिलती है।

मैं पुलिस कमिश्नर के उस दिमाग की तारीफ़ करता हूं जिसके तहत इस प्रकार की कार्यवाही करके किसी आदमी को मरने नहीं दिया, लेकिन जब अखबार वालों ने मुल्जिम से बात करने की इच्छा प्रकट की तो उसी कमिश्नर ने कहा कि "मैंने अमरीका के बहुत बड़े अखबारनवीस को बात नहीं करने दी, तुम तो भारत के पत्रकार हो।" इस तरह का दिमाग वहां पर काम करता है तो फ़िर मुजरिम और अफ़सर के दिमाग में अन्तर नहीं हुआ इस तरह के दिमाग में परिवर्तन करने की जरूरत है।

गृह मंत्री जी आप इन बातों के बारे में सोचिए। आप ईश्वर भक्त हैं और जुल्म

[ श्री मनीराम बागड़ी]

करते हुए डरते हैं, यह बहुत अच्छी बात है । गाजियाबाद के बंजारों की शिकायत है । बंजारों के गांव सारन में पुलिस जाती है और बाप के सामने बेटी से सामूहिक रेप करती है । यह कोई एक वाकया नहीं है । ये राकेश जी बैठे हैं मेंबर लोक सभा । किसी को गीता अच्छी लगती है, किसी को कुरान अच्छी लगती है, किसी को पुराण अच्छा लगता है, लेकिन मुझसे अगर कोई पूछे तो लोक सभा की किताबें भी किसी धार्मिक किताब से कम नहीं है । इन किताबों को पुलिस कप्तान के आदेश से जला दिया गया और 222 में लिखने के बाद भी अभी तक कुछ नहीं हुआ ।

**श्री जयपाल सिंह कश्यप:** (आंवला) : स्कूटर भी ले गए ।

**श्री मनीराम बागड़ी :** आप बीच में मत बोलिए, यह कोई तरीका नहीं है । या आप बोल लीजिए ।

**सभापति महोदय :** उनकी बात आप अनसुनी कर दें ।

**श्री मनीराम बागड़ी :** लेकिन आपकी बात कैसे अनसुनी कर सकता हूं । आपकी बात तो मुझे सुननी ही पड़ेगी ।

सभापति महोदय, व्यक्तियों का दोष नहीं है, मैं तो उस प्रणाली को दोषी मानता हूं, जो ये परम्परा है । बाप जज है, बेटा वकील है और पोता मुल्जिम है । प्रणाली का दोष है । बाप गद्दी पर और प्रधानमंत्री, बेटा उद्योगपति और पोता बन गया जज और पोते की बहु चुनाव में खड़ी हो कर जीत कर आ गई तो इस तरह से जो यह वंश परम्परा बन गई है समाज में इस ढांचे को आपको बदलना होगा । यही ढांचा चलता रहा तो कहीं न कहीं तकलीफ़ तो होगी ही । तब इस तरह की घटनायें अवश्य रह सकती हैं । बहुत सी घटनायें ऐसी घट जाती है जिनके बारे में कोई सोचता नहीं है । हरियाणा की बात आपने सुनी होगी । मैं खेलों में ज्यादा दिलचस्पी नहीं लेता । मुझे खेलना आता नहीं है । बड़े घर वालों के ये चोचले हैं कोई प्रोफ़ेसर महिलाओं की टीम के सैक्रेटरी या चेयरमैन थे । उनको हटा दिया गया और उनकी जगह पर डी आई जी या किसी उच्च पुलिस अधिकारी की बीवी को उसका कप्तान बना दिया गया और डी आई जी के कहने पर उस प्रोफ़ेसर को, उस कप्तान को चार छः घंटे तक डिटेन करके रखा गया । चाहे कोई सुन्दर डाकू हो या कोई उच्च अधिकारी हो या कोई भी, अगर गैर कानूनी तौर पर किसी का भी कत्ल किया जायगा या कोई गैर कानूनी काम किया जायगा तो चाहे फ़िर भिंडर हो या कोई भी हो उसको जेल जाना पड़ेगा । यह कायदे की बात है । हमारे देश की यह परम्परा है, यह कानून है कि मुल्जिम को भी मुकम्मिल इंसाफ़ पाने के लिये ललकारने की इजाजत है । उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश में क्या हो रहा है ? आप याद रखें ? एमरजेंसी के दौरान पुलिस ने, नौकरशाही ने, दूसरे लोगों ने जुल्म किये थे और उस वक्त लोगों को दर्द हुआ था और जब जनता रिजीम आई तो उन्होंने जब उसका उलटा किया तब भी दर्द महसूस किया गया । यह दर्द हिन्दुस्तान के लोगों को ज्ञानी जैल सिंह या मनीराम बागड़ी कोई भी हो सब को महसूस करना होगा । नौकरशाहों के दिमाग को हमको बदलना होगा । राजा हर्ष के जमाने से लेकर आज तक पुलिस, पैसा, गुंडा और शासन चारों मिल कर अपनी मनमानी चलाते आ रहे हैं । इस प्रथा को आपको बदलना होगा ।

ज्ञानी जी से मैं कहना चाहता हूं कि इंटरनैशनल लिंक की बात वह न करें, उससे इन घटनाओं को जोड़ने की कोशिश न करें। यह न कहें कि पागल, आवारा, सनकी और घटिया दिमाग की यह उपज है या शायद किसी ने सिनेमा या थैटर देख लिया होगा या नहीं--नाम उसका अखबार में आ जाएगा नाम पढ़ लिया होगा और गरीब में, मजदूर के मन में आया होगा और उसने कोई काम कर दिया होगा। इस तरह की बात कह कर आप गरीब का हित नहीं, अहित ही करते हैं।

इन मामलों को आप पोलिटिकल भी मत बनाइये। जगदीश टाइटलर साहब के मकान पर किसी ने बम फेंका और आप कह दें कि पालिटिकल आदमी ने फेंका तो इस तरह की बात भी कहना ठीक नहीं होगा। मैं दावे के साथ कहता हूं वह पोलिटिक्ल पार्टी ही नहीं जो इस तरह की बातें करती हैं या वह पोलिटिक्ल आदमी ही नहीं जो इस तरह की हरकतें करता है फिर चाहे वह आपकी पार्टी का मेम्बर हो या हमारी या किसी और पार्टी का। वह कातिल, डकैत और गुंडा ही हो सकता है, दूसरा कुछ नहीं। पुलिस के बारे में मैं कहता हूं कि चाहे जनसंघ का मेम्बर उसके द्वारा पीटा जाता हो या डैमोक्रेटिक सोशलिस्ट पार्टी का या किसी और पार्टी का, लेकिन जब पुलिस इस तरह की हरकतें करती है तो कांग्रेस के लोग भी पिटेंगें, हर वक्त हिन्दुस्तान का आदमी कोई न कोई पिटता रहेगा। अगर आज पुलिस वाले बंजारों के यहां जाकर उनकी बहु-बेटियों के साथ बलात्कार करते हैं तो उनकी यह काम वासना कभी जंगल की राधा से हटकर महलों की राधा तक पहुंचेगी, वह भी बच नहीं सकेगी और आपका और हमारा जीना दूभर हो जायगा और तब आप कहेंगे देखो किसी एम पी की बीवी के साथ, बड़े आदमी के बीवी के साथ रेप हो गया। पशुता की यह आदत तब फ़ैले बगैर नहीं रहेगी।

पुराने जमाने में लोग पैसे को जमीन के नीचे गाड़ कर रखते थे। आज बैंक, लाकरों में भी रखते हैं। आप चाहे जितने ताले लगा लें, पहरेदार रख लें, चारों तरफ़ तार लगा लें, अगर आप समझते हैं कि पैसा बचा रहेगा तो यह आपकी भूल है। बचाव के लिये पब्लिक का, पुलिस का कुछ चरित्र हुआ करता है, देश भक्ति की भावना हुआ करती है। यह ठीक है कि कुछ कायदे कानून भी बनाने पड़ते हैं। जरूर बनायें। यह भी ठीक है कि बैंकों में पहरेदारों का इंतजाम होता है।

कित्थों बोले हरियाणा तों, पंजाब तों, दिल्ली तों। बोले कौन ? बोले जेड़ा बेकार फ़िरता हो। कंधे पर बन्दूक रख दी और अगर कोई खड़का हो गया तो बन्दूक को छोड़ कर भाग गये। पता नहीं बन्दूक आगे चलती है या पीछे चलती है।

सदर साहब, मेरे भाई नाराज न हो जायें एक किस्सा याद आ गया। एक सेठ जी, लाला जी बाजार में चले गये, वहां तलवार लटकी हुई देखो। बोले यह क्या है। कहा गया यह तलवार है जो चोर और डाकुओं से बचाती है, पहरा देती है। दो तलवार थी, एक छोटी और एक बड़ी। वह दोनों ले आये पैसा दे कर और दोनों को खूंटीपर टांग दिया और चौकीदार, पहरेदार को हटा दिया। रात को जब चोर आये तब सेठ जी ने कहा चल बड़ी, चल छोटी। छोटी और बड़ी अपने आप थोड़े ही चलेगी, कोई चलाने वाला हो तब ना। लाला जी चुपचाप रहे, चोर सामान ले गये। तलवार को लेकर जमीन पर डाल कर बोले यों ही पैसा ले गये और अपने पैर को काट लिया। इस तरह के शस्त्र चलाने वालों की जरूरत नहीं है। एक कायदा

[श्री मनीराम बागड़ी]

बनाओ, इस तरह का संगठन बनाओ चाहे बी० एस० एफ० में या रिजर्व पुलिस में, और जो आपके राष्ट्रीयकृत बैंक हैं उनको कहो वहां जो पहरेदार हैं वह अनट्रेंड नहीं होंगे वह कायदे कानून के होंगे और हथियार भी उनके पास होंगे जिससे रक्षा कर सकें। ड्यूटी कैसी है ? कोई बीड़ी, सिगरेट पी रहा है, कोई कहीं जा रहा है, कोई सो रहा है, कोई जाग रहा है। अगर 3, 4 संतरियों की 6, 6 घंटे की ड्यूटी हो और उनको सहूलियत हो तो वह ठीक से पहरा दें और जिम्मेदारी भी हो। लेकिन यह तो कुछ नहीं है। गृह मंत्री जी मुझे बैंक लुटने वालों का खतरा नहीं है, लेकिन यह बैंक लूटने की परम्परा चली है गरीबों के घर से। गरीबों को लूटते लूटते बैंकों तक आ गये, उनको लूटने लगे। अगर इन लुटेरों को नहीं रोका जायगा तो राष्ट्र के खजाने तक बात आती है। इस लिये इसको रोको। मैं पूछगा क्या तमाम बैंकों को आप यह हिदायत करेंगे कि कोई अनट्रेंड सन्तरी नहीं होगा साथ ही वह फ़ौजी या रिटायर्ड फ़ौजी हो और फ़ौजी भी वह जिसके शरीर में लचक हो, काम करने की हिम्मत हो। ऐसा न हो जैसे चला हुआ कारतूस ले आये जैसे कि टिकट बांटने में लिया करते हैं। एम० पी० या एम० एल० ए० के लिये और लोक सभा से परलोकसभा ले गये। ऐसे लोगों के न लेकर काम करने वाले को रखो।

इसके अलावा मेरा निवेदन है कि अमन चैन व्यवस्था के वास्ते हर पुलिस कर्मचारी के दिमाग में यह भावना हो कि वह जुर्म के खिलाफ एक अफसर है, उसके पास शक्ति है। लेकिन निर्बल और निर्दोष के लिये वह सेवक है। ऐसा दिमाग पुलिस का बनाना होगा। आप घर घर तो पुलिस नहीं भेज सकते, एक दिमाग की बात है हर आदमी और हर लड़की समझती हो कि पुलिस उसकी रक्षा करने वाली है। और हर मुजरिम समझता हो कि इस देश की पुलिस हमें जुर्म नहीं करने देगी। उसका हाथ अगर जुर्म की तरफ बढ़ेगा तो पुलिस तुरत उसका हाथ पकड़ लेगी। जुर्म से पहले लेकिन इसके खिलाफ अगर यह दिमाग में आ जाय कि पैसा लेकर लूटो खाओ, कई दिन ऐश करो, फिर पकड़े भी गये तो छुट जायेंगे, या जेल जायेंगे तो कोई बात नहीं, अगर ऐसी भावना लोगों में होगी तो जुर्म बढ़ेंगे। इस काम के लिए एक सिविलाइज्ड पुलिस बनाने के लिये जो मुनासिब तरीके हों वह कदम आप उठायें।

आखिरी निवेदन यह है कि मेम्बर पार्लियामेंट का मामला कोई विशेष मैं नहीं समझता, लेकिन हां इससे इतना जरूर हुआ कि मेम्बर पार्लियामेंट की वजह से यह मौका मिला इस बात को उठाने का। सारे देश के लोगों का ध्यान इधर हो गया। 25 किस्म की बातें इस मेम्बर के लिये चलीं, 25 किस्म की गलत और सही बातें बाजार में चलीं। इसलिये बाकायदा तौर पर उन बातों की सफाई होनी चाहिये और उन बातों के ऊपर जो मेम्बर हैं, जो मजलूम भी है, उन पर कोई लांछन न लगे। ऐसी भी इस सदन के अन्दर ही बात आती है। आप जो भी जांच हो उसकी रिपोर्ट यहां पर रखें मेरी इच्छा है कि आप इस बारे में क्या करने वाले हैं वह बतायें। जितने वाके होते हैं, एक राजा के घर, एम० पी० के घर, सर्वेन्ट क्वार्टर में हैड लाइन लग जाती है पुलिस का भी कायदा है फटाफट उसको खबरों में छापते हैं, पुलिस में रिपोर्ट लिखते हैं, एम० पी० का सवाल ला देते हैं कि फलां एम0 पी० के सर्वेन्ट क्वार्टर से चोर-डाकू पकड़, फलां ने यह किया। मैं यह कहता हू कि इस तरह से इस सदन का सम्मान गिर रहा है, पुलिस को भी कुछ कायदे में रखने की कोशिश की जाये। वह अपना कर्म नहीं

कर सकती है, जुर्म को रोक नहीं सकती है, इसलिये छोटे से जुर्म को पकड़ने के बाद वह बड़े लोगों से बांध देती है और बडी हवा बनाने की कोशिश करती है । पुलिस को आप इस किस्म का बनाने की कोशिश कीजिये, जिसके बारे में मैं इतना ही कहूंगा कि आप इसको पोलिटिकल माइंड न बना कर, राजनीतिक माइंड न बनाकर....

**एक माननीय सदस्य** : नहीं बनायेंगे ।

**श्री मनीराम बागड़ी** : ठीक है, अच्छी बात है । इसको ऊंचे स्तर पर जैसे शक पैदा कर दिया श्री बजरंग लाल ने, उनको प्रेस रिपोर्टर से मिलने नहीं दिया । यह कोई सीक्रेसी का झगड़ा नहीं है, भारत-पाक का झगड़ा नहीं है, विदेश से झगड़ा नहीं है । क्या पहाड़ टूट गया था ? यह कहकर कि वह अमरीका वाले थ, उसका दिमाग अमरीका वाला है, गांधी का दिमाग नहीं है पुलिस कमिश्नर का, मैं उसकी निन्दा करता हूं ।

इस किस्म के जो अफसर हैं, क्या उन का दिमाग आप बदलेंगे । दिल्ली में कम से कम इसलिये कि यह कहा था कि आधा अमरीका हो गया है, पूरा तो नहीं । कुछ लोग अमरीका वाले बन गये हैं, और कुछ झुग्गी-झोपड़ी में जहां टट्टी पाखाना बह रहा है उसके ऊपर बैठकर रोटी खाने वाले बन गये हैं । अमरीका के चेयरमैन आ गये बड़े लोगों के साथ तो अमरीका बन गया । तो यहां थोड़ा बहुत स्काटलैंड भी बना दो । जो उनकी रक्षा कर दें । उन गरीबों के लिये पुलिस के बजाय रोटी दे दो, रहने के लिये मकान दे दो । ऐसा भी कुछ हो पायगा तो ठीक है ।

**एक माननीय सदस्य** : सवाल क्या है ?

**श्री मनीराम बागड़ी** : सवाल तो ज्ञानी जी समझ रहे हैं ।

**कृषि तथा ग्रामीण विकास तथा नागरिक पूर्ति मंत्री (राव वीरेन्द्र सिंह)** : कोई सवाल नहीं है :

**श्री जैल सिंह**: मैं बागड़ी जी का बहुत मशकूर हूं, उन्होंने बहुत सी उत्तम बातें कहीं हैं, बहुत अच्छा भाषण दिया है ।

**सभापति महोदय** : वह हमेशा ही उत्तम बात कहते हैं ।

**श्री जैल सिंह** : इत्तिफाक से अपोजिशन के बैंचों में अब रोनक नहीं है और बागड़ी जी को इतना मौका मिला, मैं आपका भी बड़ा मशकूर हूं ।

**सभापति महोदय** : बागड़ी जी को भी भूख लगी है ।

**श्री जैल सिंह** : उन्होंने कुछ तामीरी बात कही है, कुछ शिक्षा दी है, कुछ बातों के लिये अपने विचार दिये हैं, कुछ ब्रह्म ज्ञान की भी उन्होंने झलक दी है, इंसान को बताया कि उसमें लचक नहीं है । बागड़ी जी ने सिर्फ एक ही सवाल किया था, कि क्या गोष्ठियों में, आकाशवाणी में और दूसरे समाजों में शांति, अहिंसा और लोगों को प्रेरणा देने के लिये सरकार कोई काम करती है ? तो मेरा जबाब है कि हां करती है । सारी बातों को सिर्फ एक डंडे के जोर से, या पुलिस के जरिये से ही नहीं, लोगों के मन में वृत्ति को ठीक करने के लिये और हृदय-परिवर्तन के लिये हम कोशिश करते हैं ताकि हिंसा का जो वातावरण है, उसकी उकसत न हो ।

बागड़ी जी से एक ही बात मुझे कहनी है कि उन्होंने उपदेश बड़ा अच्छा दिया मगर जैसे श्री रामवतार शास्त्री जी बड़े नेक आदमी है, बड़े देवतापुरुष हैं, मगर कभी कभी अपना भाषण करते हुये वह रावणावतार बन जाते हैं, रामावतार की बजाय । और आज उन्होंने जो उन लोगों का पक्ष लिया ।

**श्री रामावतार शास्त्री** । पक्ष नहीं लिया ।

**श्री जैल सिंह** : आपने कहा कि हमारे साथी हैं, पक्ष लिया, खुशी की बात है अगर नहीं लिया तो लेकिन मैं तो समझ सका वह यह है कि आपने पक्ष लिया ।

बागड़ी जी ने उत्तम बात करते-करते यह कह दिया कि आपने उनको प्रेस-इंटरव्यू करने के लिये मौका क्यों नहीं दिया ? वह कहां के नेतागण आये थे, जिनका प्रेस इंटरव्यू निहायत जरूरी था ? उन्होंने जो कहना था, वह तो कह लिया । माननीय सदस्य को ऐसे लोगों की निन्दा करनी चाहिये, जिन्होंने इंसानियत से नीचे गिर कर सारा काम किया ।

उन्होंने भी कह दिया कि हमारी डेमोक्रेसी में कुछ कमियां हैं । इस बारे में मैं शास्त्री जी और उन्हें कहूंगा । वह सोशलिस्ट रहे हैं और अब भी सोशलिस्ट की तरफ़ जा रहे हैं । हमने भारतीय संविधान में सोशलिस्ट सैकुलर डेमोक्रेटिक रिपब्लिक की बात कही है । लेकिन अगर इसमें कोई कमी है, तो दुनिया भर में सोशलिस्ट मुल्कों के जो संविधान है, वहां पर जो तर्जे-हुकूमत है, उसके मुताबिक वह यहाँ पर रेजोल्यूशन क्यों नहीं लाते ? इसकी तो वह निन्दा करते हैं और अगर हम इसको चेंज करें, तो कहते हैं कि नहीं करने देंगे ।

वह मार्क्सिज्म को तो ईमानदारी से मानें, जो सोशलिज्म का दाता है । वह क्या कहता है, उसके मैनिफ़ेस्टों में क्या लिखा है, उसके लिये न तो उनकी पार्टी कुछ करती है और न वह करते हैं । वह यहां पर हमारी निन्दा करते हैं । मुझे आज ऐसा लगा कि

आप न देहें चुल्लू भर पानी,
ते निन्दें जे गंगा आनी,
बैठत उठत कुटिलता चाले,
आप गये और हू घालें ।

वह चारों वेद नहीं मानते, छः शास्त्र नहीं मानते, अठारह पुराण नहीं मानते ।

चार पुकारें न तुम माने,
ब्रह्मा हो कहो न जाने,
दस अष्टि मिल एक कहया,
तो भी जोगी भेद न लियां ।

जैसे श्री बागड़ी ने हमको भाषण दिया, मैंने भी दिया, । यह श्री बागड़ी की कृपा है कि मुझे भी मौका मिला । मैं उनसे यही पूछना चाहता हूं कि महाराज, आप चाहते क्या है, बातें तो आपने कर दी, लेकिन इस संविधान में आप क्या परिवर्तन चाहते हैं ।

13.58 hrs.

(MR. DEPUTY SPEAKER *in the chair*)

जब आप यह समझते हैं कि यह संविधान सरमायादाराना है, तो वह इसको वर्किंग क्लास का बनायें । क्यों नहीं बनाते ? मुल्क में 95 परसेंट वर्किंग क्लास है, तो क्यों नहीं बनाते ? हम तो इस संविधान को मानते हैं । हम समझते हैं कि यही सब कुछ है । हमारे संविधान-कर्ताओं ने इसमें सब चीजें डाल दीं । (**व्यवधान**) आप लोग जरा भागते हैं ।

बागड़ी जी ने बैंकों के बारे में अपने सुझाव दिये हैं, जिसके लिये मैं उनकी प्रशंसा करता हूं । उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले को इंटरनेशनल न बनाओ । मैं समझता हूं कि तिवारी जी ने आज कुछ बातों को रोशनी में लाकर बहुत बड़ी सर्विस की है । हम इसको इंटरनेशनल नहीं बनाना चाहते । हम इसको पोलीटिकल इस्यु भी नहीं बनाना चाहते । लेकिन अगर हकीकत

में यही निकला कि इसमें विदेशी लोग भी शामिल हैं और इसमें कोई पोलीटिकल मोटिव भी है, तो हम. उसके मुताबिक कार्यवाही करेंगे । मैंने ऐसा बड़े से बड़ा डाकू नहीं देखा, जिसका इश्तहार और पैमफ़लेट छपा हो । जब वह अन्दर गये, तो होम मिनिस्टर से लेकर सब लोगों के टेलीफ़ोन नम्बर उनके पास थे । उन्होंने सब को टेलीफ़ोन किया, प्रैस वालों को टेलीफ़ोन किया । सारी ब्योंतबन्दी के बगैर यह नहीं हो सकता ।

माननीय सदस्य कहते हैं कि आप बताओ कि क्या हुआ । वह हमारे बस की बात नहीं है । वह आपके सामने आ जायेगा । मेरी प्रार्थना है कि यह मामला छोटा नहीं है, बड़ा मामला है । परमात्मा की कृपा से किसी का नुकसान नहीं हुआ । लेकिन अगर ऐसी भावनायें पैदा हों, तो सबको उनकी निन्दा करनी चाहिये ।

माननीय सदस्य ने एक अखबार का हवाला दिया । अगर हमने ऐसे लोगों को हीरो बनाना है, हमने वायलेंस की प्रशंसा करनी है, तो हमारे देश की शांति और डेमोक्रसी के लिये खतरा पैदा होगा । हम इस मामले को पार्टी इस्यु बिल्कुल नहीं बनायेंगे, लेकिन हमारे पास जो तथ्य आयेंगे, उन्हें हम छिपायेंगे नहीं । मैं आशा रखता हूं कि माननीय सदस्य ऐसे मामले के खिलाफ़ आवाज भी उठायेंगे और हमें अपना मिलवर्तन भी देंगे ।

उन्होंने पुलिस को बहुत समझाया । वो भी सुन रहे हैं और उन्होंने इन बातों को अपने दिमाग में रख लिया है । लेकिन हमारी यह आदत अच्छी नहीं है कि हम हर वक्त पुलिस वालों को ही कहते हैं ।

14 hrs.

अभी बैंकों की बात ले लीजिये । 40 बैंकों को डकैती हुई है पिछले साल, उन में से 16 सिर्फ वेस्ट बंगाल में हुई हैं । वहां की पुलिस, यहां की पुलिस सारी हमारी एक है । हम उन को कुछ कहते नहीं । दिल्ली की पुलिस ने जितने यहां इस चालू साल के दौरान ऐसे मामले हुये उनमें कोई तकरीबन 70 फीसदी ऐसे जुर्मों को डिटेक्ट किया है और उन जुर्मों को पकड़ा है । पुलिस वाला जो बहुत नाजुक समय पर भी अपनी जान देने के लिये तैयार होता है, रक्षा करता है–उसमें कोई बुरा आदमी भी हो सकता है पुलिस वालों में, मैं सबको देवता नहीं कहता, लेकिन जब वह प्रशंसा योग्य काम करे तो सिर्फ हमको ही नहीं आप को भी उसकी प्रशंसा करनी चाहिये । हम यह नहीं चाहते कि पुलिस वाले अगर कोई सुस्ती करें तो उनको सजा न दी जाय । लेकिन फिर तो आप कहते हैं कि सजा क्यों दे रहे हो र .सुस्ती करने वालों को हम सजा देते हैं औ? अच्छा काम करने वालों को हम इनाम देर हैं ।

**श्री मनीराम बागड़ी** : मैं पुलिस के खिलाफ नहीं हूं ? मैंने तो पुलिस यूनियन दिल्ली में बनायी थी ।

**श्री जैल सिंह** : आपने तो पुलिस यूनियन क्यों बनायी थी यह आप को मालूम होगा । गड़बड़ पैदा करने के लिये बनायी होगी ।

**श्री मनी राम बागड़ी** : गाजियाबाद वाले का जिक्र नहीं किया ।

**श्री जैल सिंह** : वह इसलिये मैंने ज़िक्र नहीं किया था कि इस काल अटेंशन के साथ उसका ताल्लुक नहीं है । लेकिन वाक्या जो अखबारों में छपा है बहुत बुरा है, निन्दनीय है । तो हम भी उस की जानकारी कर रहे हैं । मगर यह स्टेट सबजेक्ट है । स्टेट की असेम्बली बैठी है । वहां इस बात की आवाज जरूर उठी होगी । वहां मौका

[श्री जैल सिंह]

होगा उनको । हम जानकारी करेंगे लेकिन इसके बारे में यहां चर्चा नहीं कर सकते हैं ।

**श्री उत्तम सिंह राठौड़** (हिंगोली) : स्टेट असेम्बली में यह सवाल नहीं उठा और इसकी चर्चा वहां नहीं हुई । इसलिये मैंने काल अटेंशन भी दिया, 377 दिया और शार्ट नोटिस क्वेश्चयन भी दिया । इन तीनों को आप स्वीकार करने के लिये तैयार नहीं हैं ।

**श्री जैल सिंह** : माननीय सदस्य से मैंने अभी बात की थी । मैं उनकी ऐंग्जाइटी को समझता हूं, एहसास करता हूं और मेरा ख्याल है कि कोई भी अच्छा इंसान जो वाकयात अखबारों में छपे, अगर उससे कम भी हुआ हो तो उससे दुखी हुए वगैर नहीं रह सकता । तो हमारी प्रार्थना थी कि जब हम हाउस से बाहर जायेंगे तो उत्तर प्रदेश की सरकार का इंतजार नहीं करेंगे, कंसर्न्ड एस डी एम, डी एम, कसर्न्ड डी आई जी, एस पी और कमिश्नर से बात करके अभी तसल्ली करता हूं ।

**श्री चन्द्रपाल शैलानी** (हाथरस) : उपाध्यक्ष महोदय, दिल्ली में एक प्रकार से भयकर से भयकरतम कांड होते होते बचा । जनता के चुने हुये एक प्रतिनिधि की जान जाते जाते बची और जिन लोगों ने कानून को अपने हाथ में लिया, जिन्होंने आतंक का वातावरण पैदा किया उन दोनों जवानों को हमारे मित्र श्री शास्त्री जी ने जो एक बुजुर्ग नेता हैं यह कहा—हमारे नौजवान उन दो अभियुक्तों को जिन का प्रजातंत्र में विश्वास नहीं, जिनको देश के प्रति कोई वफादारी नहीं, जो चोरी डकैती, राहजनी जैसे जघन्य अपराधों में विश्वास करते हैं उनको एक पार्टी के नेता अपना नौजवान कहें, तो हमें अफसोस होता है और मैं उनके इन शब्दों की कठोर शब्दों में घोर निन्दा करता हूं और भर्त्सना करता हूं . . . **(व्यवधान)** . . .

यह तो प्रोसीडिंग्स बतायेंगी कि आप ने क्या कहा है? आपने हमारे नौजवान कहा है . . . **(व्यवधान)** . . .

कल हमारे साथी, माननीय सदस्य श्री दलबीर सिंह ने अपने बयान में कहा है कि जिन्होंने कल उनके घर में घुसकर जो कांड किया और जो करने का उनका इरादा था, उसका उनके क्षेत्र से कोई भी संबंध नहीं है । जिस कोलरी का उन लोगों ने हवाला दिया है और काम करने वाले मजदूरों के लिये उन्होंने आंसू बहाये हैं उन मजदूरों से भी उनका कोई संबंध नहीं है ।

मैं इसकी डिटेल्स में जाकर इस सदन का अधिक समय नहीं लेना चाहता लेकिन मैं यह कहे वगैर भी नहीं रह सकता कि यह राम नारायण कुमार, और कुमार स्वामी की असलियत है, यह कहां से आये, कहां पले, कहां शिक्षा हुई, कहां ट्रेनिंग हुई और इस अपराध की दुनिया में उन्होंने कब से पदार्पण किया है —इस संबंध में माननीय गृह मंत्री जी को पूरी जानकारी हासिल करनी चाहिये । मेरा निवेदन है कि जो कांड होते होते बचा है, यह समय और वक्त की बात है कि वह एक ऐसा दिन था, 14 अप्रैल को डा० बाबा साहिब अम्बेदकर का जन्म दिन था, जोकि गरीबों और शोषितों के मसीहा थे उस दिन शोषित समाज के एक व्यक्ति पर, जो कि जनता द्वारा चुना हुआ प्रतिनिधि है, आदिवासी है, उसकी जान लेने का सुनियोजित षडयंत्र किया गया । मेरा मंत्री जी से निवेदन है कि वे इन तमाम बातों की जानकारी हासिल करें ।

मैं चन्द सवालात ही सरकार से करना चाहूंगा । भयानक डकैती की बात भी यहां पर की गई है । इसमें कोई सन्देह नहीं

है कि प्रदेशों में—वहां चाहे हमारी पार्टी की सरकार है या किसी अन्य पार्टी को ला एंड आर्डर की स्थिति अच्छी नहीं है लेकिन जहां पर हमारी पार्टी की सरकारें है वहां से भी अधिक गिरी हुई स्थिति उन प्रदेशों को है जहां पर कि दूसरी पार्टियों की सरकार है, वह पार्टी जोकि अपने को गरीबों और मजदूरों का रहनुमा कहती है। बहरहाल, जो भयानक डकैतियां हुई है उनके संबंध में मेरे चन्द सुझाव हैं जिन को आप सुन लीजिये। चोरी डकैटी करने, लूट-पाट करने, डकैती डालने के अलावा ऐसे सरल उपाय बदमाशों ने खोज लिये हैं जिसमें ज्यादा खून-खराबी भी नहीं होती और पैसा भी बहुत मिल जाता है जैसे फिरौती। बदमाश किसी के बच्चे को उठा ले जाते हैं। और चिट्ठी भेजते हैं कि चुप चाप एक लाख भेज दो। बच्चा हरएक को प्यारा होता है। इसमें कोई खून-खराबी भी नहीं होती है और उनको पैसा भी मिल जाता है। बदमाशों के लिये दूसरा बड़ा रास्ता बैंक डकैतियों का है। मुझे इसमें एक बात बड़ा का ताज्जुब है और मैं चाहूंगा कि माननीय गृह मंत्री जी उसका पता लगायें कि बैंक डकैतियों में बैंक कर्मचारियों का हाथ तो नहीं हैं। क्योंकि इन डकैतियों में कहीं कोई खून-खराबी नहीं होती, किसी को चोट नहीं लगती, कोई चाकू नहीं चलता, कोई गोली नहीं चलती, चुपचाप खजाना बदमाशों के हवाले कर दिया जाता है।

एक सबसे बड़ी उल्लेखनीय बात यह है कि आजकल इस देश के पढ़े लिखे नौजवान इस काम में लगे हुये हैं। हमारे देश की जो व्यवस्था है और जो आर्थिक स्थिति है उसकी तरफ सरकार को ध्यान देना चाहिए। गरीब नौजवान पढ़ लिख जाते हैं लेकिन उनको कोई रोजगार नहीं मिलता है। मजबूरी में उनको बुरे काम करने पड़ते हैं। मैं जानना चाहूंगा कि पढ़े लिखे नौजवानों को रोजगार देने के लिये, लघु-उद्योग धंधों में लगाने के लिये सरकार क्या ठोस उपाय करने जा रही है ?

12 तारीख को गीतांजली एन्क्लेव में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में जो डकैती हुई है उसके संबंध में बताया गया है कि उस दिन गार्ड छुट्टी पर था। आपसे मेरा निवेदन है कि आप इस बात का पता लगायें कि उसके एवज में दूसरे गार्ड की व्यवस्था क्यों नहीं की गई? यह मैं पहले ही अर्ज कर चुका हूं कि कहीं उस बैंक डकैती में बैंक के कर्मचारियों का तो हाथ नहीं है।

दूसरी बात यह है कि इस प्रकार जो कांड हो रहे हैं, उनसे कानून और व्यवस्था की स्थिति बिगड़ रही है। ज्ञानी जो हमारे नेता हैं, मेरा उनसे विनम्र निवेदन है कि वे पुलिस को माडर्नाइज करें और उसे अधिक से अधिक मुस्तैद बनाने के लिये क्या शीघ्र और कारगर उपाय करने जा रहे हैं और क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

जहां तक माननीय सदस्य, श्री दलबीर सिंह जी, के यहां मकान में हुये कांड की बात है, उसमें मैं यह जानना चाहता हूं कि यह अभियुक्त राम नारायण कुमार आंध्र का रहने वाला है। इसकी शिक्षा ग्वालियर में हुई है। ग्वालियर विश्वविद्यालय किन चीजों के लिये मशहूर रहा है, यह आप अच्छी तरह से जानते हैं। मैं किसी दल का नाम लिये बगैर, मैं यह जानना चाहता हूं कि यह व्यक्ति ग्वालियर विश्वविद्यालय का स्टूडेंट रहा है, तो इसकी गतिविधियों किसी दल विशेष या किसी साम्प्रदायिक दल या किसी उग्रवादी दल से तो नहीं रही है—इस बात का भी पता माननीय मंत्री जी को लगाना चाहिये।

[श्री चन्द्रपाल शैलानी]

इस व्यक्ति के पास से 38 बोर का रिवाल्वर पकड़ा गया है। जिस व्यक्ति ने इतना बड़ा ड्रामा किया, यह विदेशों में भी घमा हुआ है। आस्ट्रिया और पश्चिम जर्मनी की यात्रा कर चुका है। मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि वे इस बात का भी पता लगायें कि इस व्यक्ति की यात्रा का क्या उद्देश्य था, वहां पर किन किन लोगों से मिला और वहां किन किन लोगों से इसका संबंध रहा है? यह व्यक्ति मुक्त घोष नाम का अखबार भी निकालता है। इसलिये सरकार इस बात का भी पता लगाये कि इसको अखबार के लिये कहां से फाइनेंस होता है और इसमें किस प्रकार की सामग्री छापता है, और कहां कहां पर इस को बांटता है।

मान्यवर, कल श्री दलबीर सिंह जी ने कहा है कि झागरखाड कालरी उनके क्षेत्र में नहीं आता है। उन बदमाशों का मजदूरों से कोई वास्ता भी नहीं है। यह बताया गया है कि वहां है जब से खानों का राष्ट्रीयकरण हुआ है, सरकार ने वहां पर बहुत सी सुविधायें मुहैया की हैं। वहां एक-एक मजदूर, 12-12, 15-15 सौ रु० मासिक कमाता है। यही नहीं, जो लोग वहां पर ज्यादा मेहनत करते हैं, वे तीन-तीन हजार रु० तक पैदा करते हैं। इस के अलावा वहां आवास, बिजली, पानी, चिकित्सा आदि की सुविधायें मिलती हैं, लेकिन फिर भी मजदूर कठोर परिश्रम करते हैं, भंयकर काम करते हैं। जान अपनी हथेली पर रखकर खान में से कोयला निकाल कर लाते हैं। उन की और भी समस्यायें हो सकती हैं। उनकी तरफ सरकार को ध्यान देना चाहिये।

ज्ञानी जी ने बता दिया है, फिर भी मैं जानना चाहता हूं कि क्या इन लोगों का किसी विदेशी एजेंसी से तो संबंध नहीं है? क्या इनका देश में जितनी उग्रवादी और साम्प्रदायिक संस्थायें काम कर रही हैं, उनसे तो इनके ताल्लुकात नहीं हैं? 14 तारीख को जो अभी कांड हुआ, इस से पहले ये लोग दिल्ली में कब आये, कहां पर ठहरे और किन-किन लोगों से मिले—इनका भी पता लगा कर सरकार को जानकारी सदन में देनी चाहिये।

यह व्यक्ति, राम नारायण कुमार, इमरजेंसी टाइम में जेल में रह चुका है। आपातकाल में वही लोग जेल में डाले गए थे, जिनको इण्टीग्रेटी पर डाउट होता है, जो देश के लिए वफादार नहीं है, समाज के लिए वफादार नहीं है। वहां जेल में उस पर किन-किन आधार पर और किन-किन दफाओं के अन्तर्गत इसको रखा गया—इस बात का भी सरकार को पता लगाना चाहिए। जो रिवॉल्वर इनसे प्राप्त हुआ है, उस पर लिखा है—स्मिथ एण्ड बेसन। यह रिवॉल्वर किससे खरीदा इस बात का भी पता सरकार को लगाना चाहिए? यह कहां से खरीदा गया, जिस व्यक्ति से यह रिवॉल्वर खरीदा गया उसका अपराध की दुनिया में क्या स्थान है? जो सवाल मैंने माननीय मंत्री जी के समक्ष रखे हैं, उनकी इस बारे में जानकारी देनी चाहिए। हम लोग जनता के चुने गए प्रतिनिधि हैं। वैसे आए दिन कोई न कोई इस प्रकार की वारदातें होती रहती हैं। हमारे पास कोई गार्ड नहीं, पुलिस नहीं, कोई सिक्यारिटी नहीं, कुछ नहीं .... 10 आदमी कांस्टीटुयेन्सी के या और कहीं के रात को 12 बजे आ कर भी घंटी बजाते हैं, तो हम को बाहर आना पड़ता है। दिन में वे आते हैं और शाम का भी और रात का भी आते हैं और 10 आदमियों को हम यह समझते हैं कि ये हमारे क्षेत्र के या हमारे पड़ोसी जिले के रहने वाले हैं लेकिन उन्हीं में से कोई बदमाश निकला और रिवाल्वर उसकी जेब

में हो और वह हमें मार दे, तो ये इस तरह के सवाल हैं, जिन पर सदन को गंभीरता से सोचना चाहिए और मेरा माननीय गृह मंत्री जी से यह अनुरोध है कि वे इन तमाम बातों की छानबीन कर के इस बात का पता लगाएं कि इन अभियुक्तों का किस पार्टी से, किस दल से या किस विदेशी एजेन्सी से सम्बन्ध है और कितने दिनों से ये सक्रिय हैं। हालांकि यह मामला अदालत के विचाराधीन है और वे पुलिस के रिमांड में हैं और पुलिस उन से पूछताछ करेगी। मैं पुलिस को इस लिये दाद देता हूं कि सुनते ही पुलिस फौरन मौके पर पहुंच गई और उस ने माननीय सदस्य के फ्लेट को घेर लिया और जितना वह कर सकती थी, उस ने किया और इस के पहले कि कोई वाकया घटित हो, उस ने उन को दबोच लिया और माननीय सदस्य और उन के मेहमानों की जान को बचाया।

इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं और आप का आभारी हूं कि आपने मुझे समय दिया।

**श्री ज़ैल सिंह** : डिप्टी स्पीकर साहब, श्री चन्द्रपाल शैलानी ने जो सुझाव दिए हैं, उन के लिए मैं उन का धन्यवाद देता हूं और जिन बातों के लिए उन्होंने कहा है कि उन के बारे में पूरी तरह से बताने की जरूरत है, उन सब को तफ्तीश हो रही है और पूरी तरह से उन के बारे में जानकारी प्राप्त की जाएगी। जो ख़बरें मिली हैं, और जो कुछ मेम्बरों ने बताया है, उससे ऐसा लगता है कि यह मामला बहुत गम्भीर है। अगर बिल्कुल मामूली बात निकली इण्डिविजुअल की, तो भी आप को बताया जाएगा और इस बात की हम पूरी पूरी जानकारी करेंगे कि यह मामला कैसा है और इस में किसी का हाथ तो नहीं है। कितनी देर ये कहां रहे और हर चीज़ जो आप ने बताई है, उस के मुत्तालिक हम पता करेंगे।

आपने जो सवाल किया कि बैंकों में जो वाकयात होते हैं, उन में कहीं सरकारी कर्मचारियों का हाथ तो नहीं है, उसके बारे में मैं यह बताना चाहूंगा कि अभी तक ऐसी बात हमारे पास नहीं आई है जिस से यह साबित हो कि सरकारी कर्मचारियों का इस में हाथ है। हम इस बात का भी ख्याल रखेंगे और माड्नाइजेशन का जो आप ने सवाल किया कि हम क्या कर रहे हैं, तो माड्नाइजेशन की बात मैं एक दो बार पहले भी बता चुका हूं कि जो लेटेस्ट इंस्ट्रूमेंट्स सांइसदानों ने क्राइम का पता लगाने के लिए निकाले हैं, उन को भी हम इस्तेमाल करते हैं और उन को अपने यहां बनाना भी शुरू किया है और इस में आदमियों की ट्रेनिंग भी होती रहती है। बैंकों के मामले में भी एक ऐसी बात आई है और आप का कहना सच है कि अगर गार्ड उस दिन नहीं था और वह छुट्टी पर था, तो दूसरा क्यों नहीं रखा। ऐसा करना बैंक वालों का काम है। कभी-कभी बैंक वाले यह भी गल्ती करते हैं कि जब कि सारे शहर में छुट्टी होती है, तो वे बैंक खोले रखते हैं और पहले जा बैंक लूटा गया था,,उस में ऐसा ही हुआ था। इस में हमें लोगों की भावना को भी बढ़ाना है कि जब कोई ऐसा वाक्या होता है तो दौड़ते हुए लोगों को पकड़ने की वे कोशिश करें। उन की भी मजबूरी हो सकती है कि ऐसे लोगों के पास शस्त्र होते हैं लेकिन कुछ यह भी भावना हो सकती है कि जो आदमी इस मामले में सहायता देता है, उस की रक्षा की जिम्मेवारी पुलिस ले, सरकार ले। यह कमी मैं देखता हूं। जो आदमी क्राइम करने वाले को पकडने में आपकी सहायता करता है, उस को प्रोटेक्शन मिले और एलानिया ऐसे लोगों को प्रोटेक्शन मिलनी तो चाहिए। इस के अलावा हमारे यहां यह भी कायदा है पुराने तरीके का कि पहरेदार को गेट पर खड़ा कर दिया और वहीं पर ऐसे लोगों ने उस को पकड़

[श्री जैल सिंह]

लिया और उस के रिवाल्वर को छीन लिया और फिर मैदान उन के लिए साफ़ होता है। इसलिए अन्दर भी एक पहरेदार रहना चाहिए। बाहर की इतनी जरूरत नहीं वह अन्दर ही बैठा हो ताकि क्राइम करने वाले को यह पता हो कि इस बैंक में ऐसा भी है और मारने वाला भी शस्त्र लिए अन्दर खड़ा है और अगर वह अन्दर गया, तो वह उस को मार देगा और कोई क्राइम करने से पहले उस को दबोच लेगा। इन सारी बातों को देखने के लिए हम ने जो कमेटी बनाई है, उस में बैंकों के अधिकारी और छोटे कर्मचारी हैं और फाइनेंन्स डिपार्टमेंट और हमारा गृह मंत्रालय ये सब के सब मिल कर ऐसी स्कीम हम बना रहे हैं जिस से बैंकों की रखवाली में खर्चा भी कम आये, काम भी ज्यादा एफीशियंट हो और वहां ट्रेंड आदमी हों। मैं समझता हूं कि इस में एक्स सर्विसमेन को भी मौका मिलेगा। उनको भी हम इन कामों के लिए ले सकते हैं।

सब मेम्बरों ने बड़ी कृपा की कि सवाल बहुत कम पूछे हैं, तकरीरें बहुत अच्छी हुई हैं और तकरीरों से बहुत लाभ मिलता है। मैं सब का धन्यवाद करता हूं।

---

14.20 hrs.

## CRIMINAL LAW (AMENDMENT) BILL

### (i) APPOINTMENT OF MEMBER TO JOINT COMMITTEE

SHRI D. K. NAIKAR (Dharwad North): Sir, I beg to move:

"That this House do appoint Shri N. K. Sheiwalkar to the Joint Committee on the Bill further to amend the Indian Panel Code, the Code of Criminal Procedure, 1973 and the Indian Evidence Act, 1872 in the vacancy caused by the death of Shri R. K. Mhalgi."

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That this House do appoint Shri N. K. Shejwalkar to the Joint Committee on the Bill further to amend the Indian Penal Code, the Code of Criminal Procedure, 1973 and the Indian Evidence Act, 1872 in the vacancy caused by the death of Shri R. K. Mhalgi."

*The motion was adopted*

---

### (ii) RECOMMENDATION TO RAJYA SABHA TO APPOINT MEMBER TO JOINT COMMITTEE.

SHRI D. K. NAIKAR (Dharwad North): Sir, I beg to move:

"That this House do recommend to Rajya Sabha that Rajya Sabha do appoint a member of Rajya Sabha to the Joint Committee on the Bill further to amend the Indian Penal Code of Criminal Procedure, 1973 and the Indian Evidence Act, 1872 in the vacancy caused by the retirement of Shri Lal K. Advani from Rajya Sabha and do communicate to this House the name of the member so appointed by Rajya Sabha to the Joint Committee."

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That this House do recommend to Rajya Sabha that Rajya Sabha do appoint a member of Rajya Sabha to the Joint Committee on the Bill further to amend the Indian Penal Code the Code of Act, 1972 in the vacancy caused the retirement of Shri Lal K. Advani from Rajya Sabha and do communicate to this House the name of the member so appointed by Rajya Sabha to the Joint Committee."

*The motion was adopted.*

---